संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 14 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा महाकाल मंदिर के गर्भगृह में करीब 35 मिनट तक पूजन अभिषेक किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 245 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### चंद्रबाबू की हिरासत पर 18 सितंबर तक रोक

**विशाखापत्तनम :** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू को सीआईडी ने 9 सितंबर को 371 करोड़ रुपए के स्किल डेवलपमेंट स्कैम में गिरफ्तार किया था। इसके खिलाफ चंद्रबाबू के वकीलों ने हाईकोर्ट में दो याचिकाएं लगाईं। बुधवार को इस पर सुनवाई हुई। आंध्र हाईकोर्ट ने सीजेएम कोर्ट की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही नायडू को 18 सितंबर तक हिरासत में न लेने का आदेश दिया। हालांकि नायडू ज्यूडिशियल कस्टडी में रहेंगे। इस मामले पर अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी। नायडू की गिरफ्तारी के बाद से उनके समर्थक लगातार विरोध जता रहे हैं। ऐसे ही एक कार्यकर्ता ने 12 सितंबर को विशाखापत्तनम जाने वाली फ्लाइट के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में अदारी किशोर नाम का शख्स विमान के अंदर 'लोकतंत्र बचाओ' बैनर हाथ में लिए खड़ा है। आंध्रप्रदेश पुलिस ने उसे एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया।

### भारत को पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट प्लेन मिला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूरोपियन** कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने भारत को पहला सी-295 टैक्टिकल मिलिट्री एयर लिफ्ट प्लेन सौंप दिया। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन के सेविले शहर में इस प्लेन को रिसीव किया। इस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को 15 सितंबर को दिल्ली लाया जाएगा। एयर चीफ एक दिन पहले ही प्लेन लेने के लिए स्पेन पहुंच गए थे। यह एयरक्राफ्ट पिछले तीन दशकों से सेवा में लगे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट एवरो-748 को रिप्लेस करने के लिए लाया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सी-295 को स्पेन के सेविले प्लांट में बनाया जा रहा है। भारतीय वायुसेना में इसका फाइनल इंडक्शन इसी महीने हिंडन एयरबेस पर होगा। दूसरा एयरक्राफ्ट मई 2024 तक भारत आएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की तैनाती आगरा एयरबेस में होगी। जहां इसके पायलट्स का ट्रेनिंग सेंटर भी अगले साल तक तैयार हो जाएगा।

### हरियाणा : गरीब परिवारों को मिलेंगे 1 लाख आवास या प्लॉट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**गरीब** व जरूरतमंदों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत हरियाणा सरकार ने प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सिर पर छत उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना बनाई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को एक लाख मकान या प्लाट दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज इस योजना के पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल पर वे सभी गरीब परिवार घर के लिए आवेदन कर सकेंगे जिनके पास घर नहीं है और वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है।

# उज्ज्वला : 75 लाख मुफ्त नए कनेक्शन दिए जाएंगे

● योजना की सौगात: जी20 सम्मेलन की सफलता पर पीएम मोदी को बधाई देने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पारित

**प्रस्ताव पारित**

▶▶ जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पीएम के कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देने के लिए प्रस्ताव पारित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की ओर से पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पीएम के कुशल नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली घोषणापत्र में आम सहमति लाना भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी देश एक मंच पर एक स्वर में बात कर रहे हैं। ऐसे में हमने आज उन्हें बधाई देने के लिए एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया है।

**ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना के तीसरे चरण का मकसद:** इसका मकसद ऑनलाइन और पेपरलेस अदालतों की स्थापना करना है। इससे न्यायिक प्रणाली और अधिक पारदर्शी हो जाएगी। कागज रहित अदालतों के लिए ई-फाइलिंग और ई-भुगतान प्रणाली को सार्वभौमिक बनाया जाएगा।







### मोदी कैबिनेट के फैसले

- कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया कि 75 लाख एलपीजी के मुफ्त कनेक्शन और दिए जाएंगे।
- अगले 3 वर्षों में ये एलपीजी कनेक्शन उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को मिलेंगे।
- ई-कोर्ट मिशन मोड प्रोजेक्ट के फेज-3 को आज मंजूरी मिली है।
- इसे लगभग 7,210 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुवेन फार्मास्युटिकल्स लि. में 9,589 करोड़ रुपये तक विदेशी निवेश की अनुमति दी।

### ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी, 7210 करोड़ का प्रावधान

**केंद्र** सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है। केंद्र की इस परियोजना में अगले 4 सालों तक 7210 करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के दृष्टिकोण के अनुरूप ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना का मकसद प्रौद्योगिकी का उपयोग कर न्याय तक पहुंच में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना में केस के रिकॉर्ड की स्कैनिंग, डिजिटलीकरण और डिजिटल संरक्षण, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, नए स्थापित न्यायालय में बुनियादी ढांचा, 1150 वर्चुअल कोर्ट की स्थापना, 4400 ई-सेवा केंद्र, पेपरलेस कोर्ट, एप्लीकेशन सिस्टम और सॉफ्टवेयर का विकास, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ई-फाइलिंग जैसे कार्यों पर खर्च किया जाएगा।



भारत की अध्यक्षता में जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में भव्य स्वागत किया गया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य शीर्ष नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### मनी लांड्रिंग मामले में नितिन की जमानत याचिका पर ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मोजर बेयर से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में नितिन भटनागर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज ने ईडी को कल यानी 14 सितंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी। ईडी ने नितिन भटनागर को 22 अगस्त को गिरफ्तार किया था। 17 अक्टूबर, 2019 को ईडी ने चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट में मोजर बेयर कंपनी को भी नामजद करके कहा गया था कि मोजर बेयर की दो कंपनियों ने 354 करोड़ रुपये का लोन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से फर्जी दस्तावेज के आधार पर लिया था।

# जम्मू-कश्मीर में कर्नल, मेजर और डीएसपी समेत 4 शहीद


पाक घाटी में शांति भंग करने के लिए कट्टरपंथी बंदूकधारियों को भेजने की कोशिश कर रहा

**दो आतंकी ढेर**

▶▶ अनंतनाग में आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे

**टीम एक्शन इंडिया/अनंतनाग**
**जम्मू-कश्मीर** में आतंकियों के साथ दो मुठभेड़ों में 3 अफसर और एक जवान शहीद हो गए हैं। अफसरों में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और पुलिस के एक डीएसपी शामिल हैं। अनंतनाग में बुधवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर उस वक्त गोली चला दी, जब वे सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसमें कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनैक और डीएसपी हुमायूं भट शहीद हो गए। यहां मुठभेड़ अभी जारी है। जवान की मौत मंगलवार को राजौरी में हुई। दो आतंकी भी मारे गए। यहां सर्चिंग के दौरान सेना के डॉग की भी मौत हो गई। उसने अपने हैंडलर की जान बचाने के लिए खुद की जिंदगी दांव पर लगा दी। राजौरी में एनकाउंटर खत्म हो गया है। राजौरी एनकाउंटर साइट से दो एके-47, 7 मैग्जीन, 2 बीपी जैकेट, करीब तीन दर्ज राउंड एम्यूनिशन रिकवर हुए हैं। राजौरी एनकाउंटर साइट से दो एके-47, 7 मैग्जीन, 2 बीपी जैकेट, करीब तीन दर्ज राउंड एम्यूनिशन रिकवर हुए हैं।

सेना के अधिकारी ने बताया कि एनकाउंटर में शहीद हुए आर्मी डॉग का नाम केंट था। आतंकियों की तलाश के दौरान डॉग अपने हैंडलर के आगे चल रहा था तभी उसे गोली लगी और उसकी मौत हो गई। नॉर्थ टेक सिंपोजियम 2023 कार्यक्रम के दौरान नॉर्दर्न आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट उपेंद्र द्विवेदी ने एनकाउंटर को लेकर कहा कि पाकिस्तान एक बार फिर क्षेत्र में आतंक फैलाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा- पाकिस्तान घाटी में शांति भंग करने के लिए सीमा पार से कट्टरपंथी बंदूकधारियों को भेजने की कोशिश कर रहा है। हालांकि हम पाकिस्तान को उसके नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं होने देंगे।




### 'मीडिया ट्रायल को लेकर गाइडलाइन बनाए केंद्र'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को मीडिया ट्रायल को लेकर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 3 महीने के अंदर मीडिया ब्रीफिंग पर गाइडलाइन बनाने को कहा है। इसके साथ ही सभी राज्यों के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस को भी एक महीने के भीतर इस मामले में गृह मंत्रालय को सुझाव देने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि केंद्र जल्द ही पुलिस द्वारा मीडिया ब्रीफिंग के संबंध में गाइडलाइन करेगी।

**मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा है:** सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा है। इसलिए पुलिस में संवेदनशीलता लाना जरूरी है। किसी भी मामले में पुलिस को कितना खुलासा करना चाहिए, ये तय करने की जरूरत है। इसमें पीड़ितों और आरोपी का हित शामिल है। साथ ही जनता का हित भी शामिल है।

**हमें आरोपी के अधिकारों का भी ध्यान रखना है: चीफ जस्टिस** ने कहा कि किसी भी मामले में जांच के दौरान अहम सबूतों का खुलासा होने पर जांच प्रभावित हो सकती है।



**निर्देश**

▶▶ मीडिया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा, आरोपी के अधिकारों का ध्यान रखना जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

### हिमाचल में 'राहत राशि' पर घमासान

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**हिमाचल** प्रदेश में केंद्र से राहत राशि को लेकर घमासान छिड़ गया है। भारतीय जनता पार्टी बार-बार कह रही है कि केंद्र सरकार आपदा की घड़ी में हिमाचल की दिल खोलकर मदद कर रही है। वहीं राज्य सरकार केंद्र से इस आपदा के लिए बजट नहीं मिलने को लेकर निशाना साध रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने फिर से इस बात को दोहराते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से 12 हजार करोड़ रुपए की सरकारी व निजी संपत्ति तबाह हुई है। सीएम ने कहा कि केंद्र ने जिस तरह गुजरात के भुंज और उत्तराखंड में राष्ट्रीय आपदा घोषित करके बजट दिया, उस तरह हिमाचल को बजट नहीं दिया जा रहा है।

# एजुकेशन क्रांति: पंजाब में सरकारी स्कूल के बच्चे अब पढ़ेंगे एआई

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सीएम भगवंत मान के साथ मिलकर अमृतसर में स्कूल ऑफ एमिनेंस का उद्घाटन किया। छेहर्टा एमिनेंस स्कूल का दौरा करने के बाद वह रणजीत एवेन्यू रैली स्थल पर पहुंचे। जहां पंजाब में शिक्षा की क्रांति की घोषणा की गई। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की कि अब पंजाब के सरकारी स्कूलों के बच्चे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा भी हासिल करेंगे। वहीं दिसंबर तक पंजाब का हर स्कूल हाईस्पीड इंटरनेट व वाईफाई के साथ कनेक्ट होगा।

**नेता चुनाव से डरते हैं:** अरविंद केजरीवाल ने स्कूल ऑफ एमिनेंस की शुरूआत करने पर सीएम भगवंत मान को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने लोगों से वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन ना करने की अपील भी की है। केजरीवाल ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन, कभी मत होने देना। ये देश को बर्बाद कर देंगे। नेता चुनाव से डरते हैं, यह चुनाव खत्म करना चाहते हैं। नेता वोट मांगने आता तो चार काम करके जाता है।



**शिक्षा पर बल**

▶▶ दिसंबर तक पंजाब का हर स्कूल हाईस्पीड इंटरनेट व वाईफाई के साथ कनेक्ट होगा : शिक्षा मंत्री

### कांग्रेस ने डॉ हिमंत बिश्व शर्मा पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व शर्मा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि "प्राइम ईस्ट एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड" कंपनी खुद को नार्थ ईस्ट का मीडिया चैनल बताती है। जब असम के मुख्यमंत्री अपने पद की शपथ लेते हैं, उसके कुछ ही महीने बाद यह कंपनी कृषि भूमि खरीदती है। महज कुछ दिनों बाद यही कृषि भूमि, इंडस्ट्रियल भूमि में बदल जाती है।

**भारी क्षति**

संसद के विशेष सत्र में हिमाचल प्रदेश के मुद्दे को उठाएगी कांग्रेस पार्टी: प्रियंका गांधी

# सीएम और प्रियंका ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने शिमला शहर के शिव बावड़ी, कृष्णानगर और कनलोग स्थित आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री और प्रियंका गांधी ने शिव बावड़ी में प्रभावितों से बातचीत कर उनसे संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश से हुए नुकसान की व्यापकता को देखते हुए केंद्र सरकार को इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश विकट स्थिति गुजर रहा है और राज्य में भारी क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के लिए दिन-रात अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश की स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ पा रही है। प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश को भारी क्षति हुई है और इस समय राज्य सरकार को स्थितियां सामान्य करने के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग की आवश्यकता है इसलिए केंद्र सरकार को राजनीतिक भेदभाव से दूर रह कर इस चुनौतीपूर्ण समय में राज्य के लोगों की उदारतापूर्वक मदद करनी चाहिए।उन्होंने इस विकट परिस्थिति में राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर कार्य करने में प्रदेश की सहायता के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची की जानकारी नहीं है परन्तु कांग्रेस पार्टी इस सत्र के दौरान हिमाचल के मुद्दे को उठाएगी। केन्द्र को कुछ अहम मामलों का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना चाहिए केवल पार्टी आधार पर मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए।



**संवेदनाएं**

▶▶ मुख्यमंत्री और प्रियंका गांधी ने शिव बावड़ी में प्रभावितों से बातचीत कर उनसे संवेदनाएं व्यक्त की

# सुप्रीम कोर्ट का पटाखों की ब्रिकी पर रोक के अदालती आदेश पर दखल से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर समेत** कुछ राज्यों में पटाखों की ब्रिकी पर पूरी तरह लगी रोक के कोर्ट के आदेश में दखल देने से फिलहाल इनकार कर दिया है। भाजपा नेता मनोज तिवारी की ओर से वकील शशांक शेखर झा ने जस्टिस एएस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने मामला उठाया। शशांक शेखर झा ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर जैसे कुछ राज्यों ने पटाखों पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है। ग्रीन पटाखों की भी इजाजत नहीं है। तब कोर्ट ने कहा कि अगर कोई सरकार राज्य के स्थानीय हालात के मद्देनजर पटाखों पर पूरी तरह बैन लगाती है, तो ये उसका हक है। कोर्ट इसमें अपनी ओर से दखल नहीं देगा। अगर आप पटाखें छोड़ना ही चाहते हैं, तो ऐसे राज्य में आ जाइये, जहां पटाखों पर बैन नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने मनोज तिवारी के वकील शशांक शेखर झा की दलीलों को खारिज कर दिया। केंद्र सरकार की तरफ से एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि सरकार का प्रोटोकॉल सभी पक्षों को दिया जा चुका है, जिसमें सिर्फ ग्रीन पटाखों की बिक्री की इजाजत की बात कही गई है। ग्रीन क्रैकर्स के निर्माण और बिक्री की अनुमति देने का आग्रह करते हुए कहा कि ग्रीन पटाखों के लिए रिसर्च और परीक्षण में राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीरी) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**याचिका खारिज**

▶▶ अगर आप पटाखें छोड़ना ही चाहते हैं, तो ऐसे राज्य में आ जाइये, जहां पटाखों पर बैन नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

# 'संविधान बदलने का प्रयास कर रही केंद्र सरकार'

## आने वाले चुनाव में भाजपा-जजपा का नहीं बचेगा वजूद: सैलजा

**आरोप**

**महंगाई-बेरोजगारी व भ्रष्टाचार को लेकर जनता भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने की तैयारी कर चुकी है**





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार साजिश के तहत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेड़कर के संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी सरकार को उसकी मंशा में कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि महंगाई-बेरोजगारी व भ्रष्टाचार को लेकर अब देश की जनता भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने की तैयारी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का हर संभव प्रयास कर रही है। मगर अब जनता को भाजपा सरकार की हकीकत का पता चल चुका है। प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा मंगलवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रही थे। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस के साथ सभी विपक्षी दल भी अब केंद्र सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ महीनों में पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां उन्हें करारी शिकस्त झेलनी पड़ेगी। सैलजा ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में हुए चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर किया है। अब आने वाले समय में ऐसे ही उसे केंद्र व दूसरे राज्यों से भी सत्ताविहीन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल से हरियाणा में भाजपा की सरकार है। मगर यहां न सरकार है न ही प्रशासन। जनता को छोटी छोटी समस्याओं के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। हक के लिए आवाज उठाने वाली बेटियों व महिला कर्मचारियों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं। हर कर्मचारी की दुर्गति हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता में बढ़ते आक्रोश की वजह से अब मुख्यमंत्री तक को जनता के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सैलजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ व राजस्थान में कांग्रेस दोबारा सत्ता में आ रही है। जबकि मध्यप्रदेश के साथ हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। बेरोजगारी में हरियाणा नंबर वन है। जबकि महंगाई व भ्रष्टाचार से भी जनता बेहाल है। गरीब आदमी की कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है।

# मध्यस्थता प्रणाली से केस सुलझाने का प्रयास करें: नितिन




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा एडीआर सेंटर में मेडीएशन प्रक्रिया पर एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसके तहत पैनल अधिवक्ता मंजू कौशिक ने वैकल्पिक विवाद समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीजेएम नितिन राज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा केस मध्यस्थता प्रणाली द्वारा सुलझाने का प्रयास करें। इस कैंप में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

# 'अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के विभिन्न बाजारों में नगर परिषद द्वारा अवैध अतिक्रमण हटावाने का काम किया गया। नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जो भी व्यक्ति नियमों को अव्हेलना करेगा। उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर तो लोगों ने नालों के उपर अतिक्रमण किया हुआ है। बरसातों के दिनों में यहां पर पानी निकासी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है।जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण की कई बार हमें शिकायते भी मिली थी जिसपर हमने पहले भी कार्यवाही की और अब भी कार्यवाही कर रहे है।

# सिगलीगर समाज की महाबैठक जींद में हुई संपन्न

**व्यवस्था**

**सभी भाई हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वोट बनाने का काम पूरा करें: बलबीर सिंह**



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** गत दिवस जींद में एक सिगलीगर की महा बैठक संपन्न हुई। सिगलीगर सिख सेवा फाउंडेशन के उप प्रधान बलबीर सिंह अंबाला ने बताया कि सभी भाई हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वोट बनाने का काम पूरा करें, जिसमें सिगलीगर संस्था के बच्चों को मुफ्त पढ़ने के बारे में चर्चा की गई और साथ ही हरियाणा में हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वोट बनाने का अभियान चलाया गया। सभी सिगलीगर भाइयों को बताया कि सभी सिख भाई अपना वोट बनवाने का काम जल्द से जल्द पूरा करें। हमारे अध्यक्ष दारा सिंह बडौता ने सिगलीगर सिखभाईयों की हर तरह से मदद करने का आश्वासन दिया। हमारी फाउंडेशन के महासचिव कुलदीप सिंह जींद ने अपने बहुत अच्छे विचार रखें, मंथली मीटिंग के अनुसार जींद से हमने पांच सिगलीगर भाइयों चरण सिंह, अरूण सिंह, दारा सिंह, सोहन सिंह, को जोड़ने का काम किया, जिससे हमारी संस्था मजबूत होकर उतरेगी, और सिगलीगर फाउंडेशन बिरादरी के लिए अच्छा काम करने का प्रयास करेगी। अनिल सिंह खरखौंदा, जतिन्द्र सिंह खरखौंदा, श्याम सिंह, प्रकाश सिंह फिरोजपुर , श्याम सिंह बिलासपुर, सुदेश सिंह पट्टी कलियाना, मनोज सिंह पट्टी कलियाना, राजू सिंह नरवाना, अशोक सिंह, धर्म सिंह, मोहन सिंह बैठक में मौजूद रहे।

# कार्यशाला में संतुलित आहार प्रणाली के महत्व को नाट्य शैली के द्वारा छात्राओं को समझाया

**जागरूक किया**

**छात्राओं को पोषण माह के महत्व को बताते हुए सात्विक , राजसिक एवं तामसिक भोजन प्रवृत्ति के बारे में बताया**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल कुरुक्षेत्र में मनोविज्ञान एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में डॉ पूनम बागी एवं डॉ श्रेष्ठा के दिशा निर्देशन में चल रही सात दिवसीय जीवन कौशल शिक्षा कार्यशाला स्वस्थ खानपान रहा। डॉ पूनम बागी ने मंच संचालन करते हुए छात्राओं को कार्यशाला के थीम से अवगत करवाया एवं योगाभ्यास की सूक्ष्म क्रियाएं करवाई। डॉ श्रेष्ठा ने छात्राओं को पोषण माह के महत्व को बताते हुए सात्विक , राजसिक एवं तामसिक भोजन प्रवृत्ति तथा सात्विक खाने के स्वास्थ्य के लाभों पर प्रकाश डाला एवं आवश्यक पोषक तत्वों के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही साथ उन्होंने छात्राओं का स्वास्थय टेस्ट भी किया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान की छात्राओं ने एनीमिया, विटामिन ए, डी, प्रोटीन, गर्भावस्था में पोषण एवं संतुलित आहार के महत्व को नाट्य शैली के द्वारा समझाया। नाटक प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो बीरेंद्र कौर, श्रीमती पूजा और श्रीमती प्रीति ने निभाई जिसमें प्रथम स्थान पर मिली, गुरप्रीत,महकदीप और संध्या की टीम रही। प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर ने छात्राओं को संतुलित खाने का महत्व बताते हुए कहा कि आज के समय में संतुलित खाना ना खाने के कारण खून की कमी, आवश्यक तत्वों की कमी हो जाती है जिससे हमारा जीवन बदतर बन जाता है। साथ ही साथ उन्होंने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को बधाई दी। कार्यशाला में डॉ सपना एवं डॉ सीमा की मौजूद रहे।

# सेवा के जवान पवन शंकर ने की थी आत्महत्या, 1 करोड़ का क्लेम अटका

**फंसा क्लेम**

**अगर दुर्घटना में मौत हुई होगी तो भी कंपनी थर्ड पार्टी इंक्वायरी करने के बाद क्लेम देने बारे विचार करेगी**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला छावनी में सेना के जवान पवन शंकर की मौत की गुत्थी सुलझती हुई नजर आ रही है। फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम के मुताबिक जवान ने सुसाइड किया है। टीम ने सीन रीक्रिएट करने के बाद पुलिस को अपनी रिपोर्ट सौंप दी । डीएसपीआशीष चौधरी ने रिपोर्ट मिलने की पुष्टि की है लेकिन उन्होंने कहा कि पुलिस अभी मामले की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। डीएसपी ने कहा कि जवान के मोबाइल की भी तलाश की जा रही है। जिससे पत्नी को मैसेज भेजा गया है।

वहीं इससे पहले पुलिस जांच में सामने आया था कि हवलदार पवन शंकर ने लापता होने 2 दिन पहले एक करोड़ का मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से इंश्योरेंस कराया था। ऐसे में अब जवान के आश्रितों को क्लेम मिलना मुश्किल है। कंपनी के मुताबिक इंश्योरेंस पॉलिसी में एक साल तक सुसाइड केस कवर नहीं होगा। पॉलिसी 1 करोड़ की होने के चलते अगर दुर्घटना में मौत हुई होगी तो भी कंपनी थर्ड पार्टी इंक्वायरी करने के बाद क्लेम देने बारे विचार करेगी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि फौजी पवन शंकर ने 15 लाख रुपए का लोन लिया था जिसकी महज 2 से 3 किश्तें ही गई थी। लोन की राशि में से दूसरे खातों में रकम ट्रांसफर की गई है। पुलिस अब जिनके के खातों में रकम गई है उनसे भी पूछताछ करेगी। जवान की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पड़ाव थाना पुलिस जींआरपी, आरपीएफ और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने 4 दिन पहले सीन रीक्रिएट कर साक्ष्य जुटाए थे। टीम ने सीन रीक्रिएट करके ट्रेन की स्पीड पटरी से शव की दूरी और आसपास के एरिया में छानबीन की थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है। सेना के हवलदार पवन शंकर 6 सितंबर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए थे। पड़ाव थाना पुलिस ने यूनिट के सूबेदार की शिकायत पर गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। इस बीच रात पवन शंकर के नंबर से उसकी पत्नी के पास मैसेज आया था। जिसमें लिखा था कि आपके पति को खुदा के पास भेज दिया है। पाकिस्तान जिंदाबाद इंडियन आर्मी को जो करना है कर ले बचा ले अपने सैनिक को।

# छावनी सिविल अस्पताल में आयुष्मान भव कैंपेन का किया शुभारंभ






**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इस वर्ष राज्य स्तर पर आयुष्मन भव कैंपेन का शुभारंभ माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में किया गया। इसी कड़ी में अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल के मीटिंग हॉल में भी आयुष्मान भव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अंबाला छावनी एसडीएम सत्येंद्र सिवाच उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नोडल ऑफिसर डॉ पूजा पेंटल, डॉ विनय गोयल, डॉ शीलकांत पजनी, डॉ चित्रा शर्मा, डॉ हरमन प्रीत सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में अस्पताल के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ के साथ ही आयुष्मान लाभार्थी भी उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम अंबाला छावनी सतेंद्र सिवाच ने बताया कि भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना पिछले 4 साल से कार्यरत है इसी कड़ी में आयुष्मान भव पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसकी पूरे भारतवर्ष में आज विधिवत रूप से शुरूआत की गई है उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक आयुष्मन भव कैंपेन, स्वच्छता अभियान, रक्तदान महादान, अंगदान का संकल्प कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक सफल संचालन किया जाएगा। जबकि इसकी दूसरी कड़ी में 2 अक्तूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा जिस पर स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न - विभिन्न हेल्थ कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके तीसरे चरण में 17 सितंबर से लेकर 31 दिसंबर तक विभिन्न नेशनल प्रोग्राम के तहत लोगों की स्क्रीनिंग व सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी आयुष्मान भारत को लेकर पहले ही बेहतरीन कार्य कर रहा है और प्रधानमंत्री के इस कदम से जो लोग आयुष्मान कार्ड से वंचित रहे हैं उन्हें भी अब इसका लाभ मिल पाएगा।

# एसडी कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**अवगत कराया**

**कार्यशाला के पहले दिन प्रो जीनत मदान, यूथ रेड क्रॉस काउंसलर ने रक्त के मापदंडों और जांच के बारे में बताया**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सनातन धर्म कालेज अंबाला छावनी में यूथ रेड क्रॉस एवं लाइफ साइंस एसोसिएशन के तत्वधान में रक्त के विभिन्न मापदंडों की जांच पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला छात्रों के सर्वांगिक विकास के लिए अतिआवश्यक है। डॉ नवीन गुलाटी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस तरह की कार्यशाला में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए क्योंकि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में इन मापदंडों की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कार्यशाला के पहले दिन प्रो जीनत मदान, यूथ रेड क्रॉस काउंसलर ने रक्त के मापदंडों और जांच के बारे में लेक्चर दिया। इस में हीमोग्लोबिन,ब्लड ग्रुप, आर बी सी, डब्ल्यू बी सी काउंट, शुगर इत्यादि की जांच करना सिखाया जाएगा। इस कार्यशाला में 56 छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यशाला डॉ दिव्या जैन, प्रो जीनत,प्रो सुमित

# अंबाला शहर में संपन्न हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम



**स्वास्थ्य सेवा**

**आयुष्मान भव: कैम्पेन योजना का शुभारम्भ करने के लिए राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**देश के** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान भव कैंपेन का शुभारंभ किया। इस कड़ी में स्वास्थ्य विभाग अंबाला द्वारा नागरिक अस्पताल अंबाला शहर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक असीम गोयल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। पीएमओ डॉ.संगीता गोयल, डॉ. पवनीश अग्रवाल, डॉ. निधि, डॉ.सुख्यप्रीत ने मुख्यअतिथि को पर्यावरण का प्रतिक पौधा देकर उनका अभिनन्दन किया। विधायक ने इस मौके पर उपस्थित लाभार्थियों व अन्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा आयुष्मान भवः कैम्पेन का शुभारम्भ किया गया हैं। उन्होंनें कहा कि इस अभियान के तहत जिन लाभार्थियों को आयुष्मान/चिरायु कार्ड बने हुए है और जिनके अभी नियमानुसार बनने है उन्हें बनाते हुए उनका वितरण करने का काम किया जाएगा। उन्होंनें बताया कि इस अभियान के तहत आभा आईडी बनाने बारे भी लोगों को प्रेरित किया जाएगा। इससे सम्बधिंत व्यक्ति के स्वास्थ्य से सम्बधिंत सम्पूर्ण जानकारी का डाटा विभाग के पास उपलब्ध हो सकेगा और व्यक्ति को जिस ईलाज की आवश्यकता होगी उसके ईलाज को किया जा सकेगा। इस योजना से निसंदेह लोगों को फायदा होगा, स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लोगों को यह नई सौगात मिली है। उन्होंने आयुष्मान भवः कैम्पेन योजना का शुभारम्भ करने के लिए देश के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया है।

# प्रदर्शन करने आई आशा वर्करों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**विरोध**

**आशा वर्कर पिछले कई दिनों से मांगो को लेकर प्रदर्शन कर रहीं है लेकिन सरकार एक भी सुनवाई नहीं करती**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मांगो को लेकर आज आशा वर्करों ने अम्बाला छावनी बस स्टैंड पर जमकर रोष प्रदर्शन किया। जिसके चलते पुलिस टीमों ने उन्हे बसों में भर लिया और उन्हे शहर छोड़ा गया। आशा वर्कर पिछले कई दिनों से मांगो को लेकर प्रदर्शन कर रहीं है लेकिन सरकार उनकी एक भी सुनवाई नहीं करती। जिसके चलते आज उन्होनें गृह मंत्री विज के निवास का घेराव करने का फैसला किया था। लेकिन पुलिस ने उन्हे छावनी बस स्टैंड पर ही रोक लिया और उन्हे शहर छोड़ दिया गया है। इस दौरान बसों में बैठे बैठे भी आशा वर्करों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होनें कहा कि आशा वर्कर समाज में एक बहुत महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। जब किसी घर में कोई महिला गर्भवती होती है तभी से आशा वर्कर उस महिला की देखभाल में जुट जाती है और जब तक बच्चा 5 वर्ष तक का नहीं हो जाता तब तक उस बच्चें का टीकाकरण व अन्य जरूरी काम जो सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते है। आशा वर्कर उन नितियों को लोगो तक पहुंचाती है। लेकिन इसके बाद भी सरकार उनके खिलाफ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होनें कहा कि उनका पर काम का अधिक भार है लेकिन वेतन कुछ भी नहीं मिलता है। जिससे उन्हे गुजारा चलाने में भी परेशानी होती है। न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करने। रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने। पेंशन व ग्रेच्युटी का प्रबंध करने। ईएसआई व पीएफ लागू करने। बेगार प्रथा के रूप में ऑनलाइन काम पर रोक लगाने की मांगों के नारे गूंजते रहे। बस स्टैण्ड से आज जब दोपहर लगभग 1 बजे आशा वर्कर मंत्री अनिल विज के आवास स्थान पर जाने के लिए इक्ठ्ठी होने लगी तो वहां मौजूद भारी पुलिस बल ने उन्हें रोकते हुए रोडवेज की बसें मंगवाई और उन बसों में आशा वर्कर बैठाना शुरू कर दिया। हालांकि इस दौरान आशा वर्कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रही थी। उनका कहना था कि सरकार उनकी मांगे नहीं मानती तो धरना इसी प्रकार जारी रहेगा। भीषण गर्मी के बीच एक आशा वर्कर बेहोश भी हो गई तभी वहां पर एम्बुलेंस को बुलाया गया और आशा वर्कर को प्रदर्शन स्थल से ले जाया गया।

# सीएम मनोहर लाल की किसानों को बड़ी राहत

## बाढ़ से खराब धान फसल को दोबारा लगाने पर मिलेंगे 7000 रुपए, नुकसान का ब्यौरा के लिए लोगों से आवेदन मांगे गए, 6 नए पोर्टल भी लॉन्च

**राहत**

**8 केंद्र सरकार ने 2.5 लाख मीट्रिक टन बाजरे की एमएसपी पर खरीद की दी अनुमति: सीएम मनोहर लाल**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए कहा कि जुलाई माह के दौरान भारी बारिश व बाढ़ के कारण धान की दोबारा बिजाई करने वाले किसानों को राज्य सरकार सात हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देगी।
मुख्यमंत्री लाल बुधवार को पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बारिश व बाढ़ तथा दंगों में संपत्ति, पशुधन या मानव हानि के नुकसान की भारपाई के लिए सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर लॉन्च किया। नुकसान का ब्यौरा के लिए लोगों से आवेदन मांगे गए हैं। राजस्व विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा सत्यापन होने के बाद निर्धारित मानदंडों के अनुसार, डीबीटी के माध्यम से मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत योजना भी चला रखी है, जिसके तहत धान के स्थान पर अन्य फसलें उगाने वाले किसानों को सात हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसलिए बारिश व बाढ़ के कारण जिन किसानों की धान की फसल प्रभावित हुई है और उन्होंने धान के स्थान पर दोबारा किसी अन्य फसल की बिजाई की है, उन्हें इस योजना के तहत राशि दी जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि बाजरे के भाव पर





### 'पटौदी शहर के उ. बाईपास के निर्माण से शहर में यातायात का दबाव कम होगा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भारतमाला परियोजना के तहत पटौदी शहर के चारों ओर रिंग रोड को पूरा करने के लिए शहर के उत्तरी बाईपास के निर्माण के लिए आग्रह किया है। अर्ध सरकारी पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि चूंकि होडल-नूंह-पटौदी-पटौदा मार्ग पर कोई प्रस्तावित बाईपास नहीं है, इसलिए पटौदा कस्बे में यातायात बाधित रहता है। होडल-नूंह-पटौदी-पटौदा के महत्व को ध्यान में रखते हुए, जो दिल्ली-आगरा, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम-जयपुर गुरुग्राम-रेवाड़ी और रोहतक-रेवाड़ी (एनएच-352), जैसे कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ता है इसलिए उत्तरी दिशा में पटौदी शहर के बाईपास का निर्माण समय की मांग है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बड़े आर्थिक लाभ और यातायात में कमी को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने भूमि अधिग्रहण और उपयोगिता स्थानांतरण की 50% लागत वहन करने का निर्णय लिया है।
उन्होंने कहा कि एनएचएआई द्वारा गुरुग्राम-पटौदी-पटौदा रोड (एनएच-352डब्ल्यू) की 4-लेनिंग परियोजना के हिस्से के रूप में दक्षिणी बाईपास का निर्माण पहले ही किया जा चुका है, जिससे शहर से दूर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात की आवाजाही में काफी सुविधा हुई है।

## 1 अक्टूबर से शुरू होगी खरीफ दलहन और तिलहन की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा में 1 अक्टूबर, 2023 से मूंग, मूंगफली, अरहर, उड़द और तिल की खरीद 100 से अधिक मंडियों में शुरू की जाएगी । मूंग की खरीद 1 अक्टूबर से शुरू होगी और 15 नवंबर 2023 तक जारी रहेगी। जबकि मूंगफली की खरीद 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक , अरहर, उड़द और तिल की खरीद 1 से 31 दिसंबर तक की जाएगी। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में आज विपणन सत्र 2023-24 में इन फसलों की खरीद की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया और अधिकारियों को किसानों के लिए सुचारू और परेशानी मुक्त खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए । कौशल ने समय पर फसलों की खरीद करने और मंडियों में भंडारण और बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में बताया गया कि हरियाणा में इस वर्ष 30,412 मीट्रिक टन मूंग, 2,784 मीट्रिक टन अरहर, 90 मीट्रिक टन उड़द, 126 मीट्रिक टन तिल और 7,711 मीट्रिक टन मूंगफली का उत्पादन होने का अनुमान है। प्रदेश में इन फसलों की खरीद भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाएगी और खरीद प्रक्रिया में हैफेड भी भाग लेगा। बैठक में बताया गया कि इन फसलों की खरीद के लिए विशेष रूप से 100 से अधिक मंडियां बनाई गई हैं। मूंग के लिए 16 जिलों में 38 मंडियां, अरहर के लिए 18 जिलों में 22 मंडियां, उड़द के लिए 7 जिलों में 10 मंडियां, मूंगफली के लिए 3 जिलों में 7 मंडियां और तिल खरीद के लिए 21 जिलों में 27 मंडियां स्थापित की गई हैं। बैठक में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

## सीएम ने सरकारी खरीद प्रक्रिया को बनाया पूर्ण रूप से पारदर्शी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जो वित्त मंत्री भी हैं ने उच्च अधिकार प्राप्त खरीद कमेटी के समक्ष ठेकेदारों के साथ विभागों के प्रभारी मंत्री व प्रशासनिक सचिवों की उपस्थिति में मोलभाव कर 14 परियोजनाओं की खरीद व कार्य आवंटन में लगभग 12 करोड़ रुपये की बचत करवाई।
उल्लेखनीय है कि पिछले 4 वर्षों से जब से मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग का प्रभार संभाला है तबसे वे एल-1 व एल-2 ठेकेदारों को उच्च अधिकार प्राप्त खरीद कमेटी के समक्ष बुलाते हैं और निविदा में दिए गए एल-1 रेट पर मोलभाव कर कम करवाते हैं। आज जिन परियोजनाओं के निविदाओं को कमेटी ने अंतिम रूप दिया है उनमें भिवानी में चरखी दादरी रोड पर लगाए गए मल-जल शोधन सयंत्र के उपचारित पानी को हालुवास, पहलादगढ़, निमड़ीवाली, ढाणा नरसान, अजीतपुरा, गौरीपुर, ढाणा लाडनपुर गांव में सिंचाई उद्देश्यों के लिए उपयोग की 69.91 करोड़ रुपए की परियोजना, पुलिस लाइन करनाल में तीन मंजिली मकानों के निर्माण के 29.91 करोड़ रुपये की, फरीदाबाद व गुरुग्राम में बिजली संप्रेषण लाइन बिछाने की 31.04 करोड़ रुपये की, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के 33 केवी के सात सब-स्टेशन के निर्माण की 55.8 करोड़ रुपये की परियोजना तथा 110.52 करोड़ रुपये की सब-स्टेशनों के क्षमता बढ़ाने की रतिया में नहरी पानी आधारित जल घर के निर्माण की 48.02 करोड़ रुपये की, महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसार चरण-2 के टैक्सी-ट्रैक के साथ पानी निकासी व अन्य सिविल कार्यों के लोक निर्माण विभाग की 53.25 करोड़ रुपये की तथा अंबाला छावनी में वॉर मेमोरियल में लोक निर्माण विभाग की 147.33 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार बैठक में विभागीय अधिकार प्राप्त खरीद कमेटी की जिन परियोजनाओं के लिए निविदाओं को अंतिम रूप दिया गया उनमें सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की 15 लाख वर्ग फुट की वाल पेंटिंग व वाल राइटिंग की परियोजना, महिला व बाल विकास की आंगनबाड़ियों में स्मार्ट फोन देने की तथा पुलिस स्वास्थ्य अध्यापक परिवहन व अन्य विभागों के तीन लाख से अधिक कर्मचारियों को नैतिक शिक्षा की हिपा की कर्मयोगी परियोजना शामिल है।

**बचत**

**8 मोलभाव कर 14 परियोजनाओं की खरीद व कार्य आवंटन में लगभग 12 करोड़ रुपये की बचत करवाई**

## इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 20 सितंबर तक बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) द्वारा नौकरी या अपना कार्य करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करने वालों के लिए इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एक अवसर की तरह है। इग्नू में जुलाई 2023 सेशन के लिए दाखिले अभी चल रहे हैं। इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में 300 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज का युवा अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बनना चाहता और इग्नू ऐसे सभी युवाओं को मौका देती है कि नौकरी या अपना कार्य करते हुए इग्नू से उच्च शिक्षा भी ले सकते हैं।

## 'आयुष्मान भव': 'स्वास्थ्य सेवाओं का उठाए लाभ'

### राष्ट्रव्यापी 'आयुष्मान भव' अभियान के शुभारंभ पर सीधे प्रसार के माध्यम से जुड़े कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा है कि आम जन मानस के स्वास्थ्य की पूर्ण जांच के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में 17 सितम्बर 2023 से दो अक्तूबर 2023 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता, पौधारोपण, रक्तदान शिविर, अंगदान शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंचायत मंत्री टोहाना स्थित नागरिक अस्पताल में आयोजित महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा किए गए राष्ट्रव्यापी 'आयुष्मान भव' अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख रहे थे। कार्यक्रम में



देवेंद्र सिंह बबली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 सितम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 'आयुष्मान भव' विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग चार माह तक चलने वाले इस अभियान से हर घर तक पहुंच कर सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जायेगा। इस अभियान के तहत आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभाएं, आयुष्मान मेले और बच्चों की स्क्रीनिंग सहित सात मुख्य स्वास्थ्य विषयों पर विभाग के पदाधिकारी नागरिकों तक पहुंच बनाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आयुष्मान आपके द्वार के तहत गांव, खण्ड व जिला स्तर पर आयुष्मान भारत चिरायु स्कीम के तहत एक लाख 80 हजार रुपये तक आय वाले परिवारों के निशुल्क तथा तीन लाख तक की आय वाले परिवारों से 15 सौ रुपये प्रति परिवार प्रति वर्ष लेकर लगभग 8 लाख नागरिकों के स्वास्थ्य कार्ड बनाएं जायेंगे। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भव' कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों को शामिल तक को शामिल कर सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ही आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण भी आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत आयुष्मान सभाओं का आयोजन होगा जिनके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया जायेगा।
बबली ने कहा कि इसके साथ ही स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जायेगा, जिनके माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें दवाइयों का वितरण भी किया जायेगा। इस मौके पर एक नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।

**17 से होगा शुरू**

**8 इस अभियान से हर घर तक पहुंच कर सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जायेगा**

## सीएम मनोहर ने की पीपीपी के माध्यम से प्रो-एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार नागरिकों को पेपरलेस, पारदर्शी व सुगम तरीके से सुविधाओं का लाभ ऑनलाइन माध्यम से उनके घर द्वार पर पहुंचा रही है। इसी कड़ी में एक कदम ओर आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रो-एक्टिव ओबीसी प्रमाण पत्र की शुरूआत की है। अब नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर, पी.पी.पी. में मौजूद अपने डेटा के आधार पर पात्र पाए जाने पर, अपना ओबीसी प्रमाण पत्र ऑनलाइन घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे। स अवसर पर खनन मंत्री मूलचंद शर्मा और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि एक बार जब किसी नागरिक की जाति व जाति की श्रेणी पी.पी. पी. में सत्यापित हो जाती है, तो वह बिना किसी मानव हस्तक्षेप के सरल पोर्टल पर अपनी पारिवारिक आई.डी. प्रदान करके अपेक्षित जाति प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकता है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के पीछे हमारा उद्देश्य लोगों को फेसलेस और पेपरलेस सेवाएं प्रदान करना है। इसी उद्देश्य से पी.पी.पी. में नागरिकों की सत्यापित जाति और जाति की श्रेणी के आधार पर सरल पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्र पहले से ही जारी किए जा रहे हैं। इनमें 7.4 लाख से अधिक अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र और 4.76 लाख से अधिक पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र शामिल हैं। वर्तमान में 34 लाख से अधिक परिवारों के जाति विवरण को पी.पी.पी. में सत्यापित किया गया है। मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं को भी परिवार पहचान पत्र से जोड़कर लाभार्थियों को घर बैठे पेंशन देने का काम किया है। अब तक लगभग 1.7 लाख वृद्धों, 13 हजार दिव्यांगों को घर बैठे पेंशन दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पीपीपी की सहायता से एक क्लिक से हम प्रदेश में साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड बनाए और कुल 35 लाख बी.पी.एल. राशन कार्ड बनाने में सफल हुए हैं। इसके अलावा, प्रदेश में 56 लाख 46 हजार चिरायु कार्ड बनाए जा चुके हैं। इन्हें मिलाकर आयुष्मान-चिरायु कार्डों की संख्या 86 लाख गई है। साथ ही, निरोगी हरियाणा योजना में प्रदेश के 27 लाख से अधिक गरीबों के 1 करोड़ 50 लाख मुफ्त टेस्ट भी पी.पी.पी. के डेटा की मदद से किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अब तक परिवार पहचान पत्र से 397 योजनाओं व सेवाओं को जोड़ा जा चुका है और इनका लाभ पात्र लोगों को घर बैठे ही मिल रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्तायुक्त, राजस्व टीवीएसएन प्रसाद, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, खनन एवं भूविज्ञान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरूण गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा , मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी, चकबंदी एवं भू- रिकॉर्ड विभाग की निदेशक आमना तसनीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**फेसलेस और पेपरलेस सेवाएं**

**8 अब नागरिक सरल पोर्टल पर जाकर, पी.पी.पी. में मौजूद अपने डेटा के आधार पर पात्र पाए जाने पर, अपना ओबीसी प्रमाण पत्र ऑनलाइन घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे, परिवार पहचान पत्र के पीछे हमारा उद्देश्य लोगों को फेसलेस और पेपरलेस सेवाएं प्रदान करना**

## अंतर्राष्ट्रीय यज्ञा दिवस पर सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में एक साथ 11000 हवन-यज्ञ करवाए जाएंगे: गौड़



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**17** सितंबर को यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज के आदेश अनुसार अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस मनाया जा रहा है जिसमें सोनीपत लोकसभा का संयोजन राष्ट्र हित मंच के अध्यक्ष पंडित परशुराम गौड को दिया गया है । परशुराम गौड ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोनीपत लोकसभा में एक साथ 11000 हवन यज्ञ करवाए जाएंगे । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हवन यज्ञ कराने के लिए आज परशुराम गौड ने गांव बड़ौदा , नगर , खेडी बिधल , जोली , लाट ,भंडेरी , रखी आदि अनेक गांवों में जाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रचार किया । परशुराम गौड ने बताया कि आज पूरा विश्व सनातन मय है और अगर सनातन को बचाना है तो यज्ञ पद्धति को बचाना बहुत जरूरी है हवन यज्ञ से हमारा वातावरण शुद्ध होता है । हमारा शरीर शुद्ध होता है । हमारी अंतरात्मा शुद्ध होती है और अनेक प्रकार की जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान होता है ।
यज्ञ ही जीवन का आधार है उन्होंने गांव-गांव जाकर गांव वासियों को यज्ञ के प्रति जागरूक किया और 17 सितंबर को अपने-अपने घर अपने-अपने गांव और मंदिरों में यज्ञ हवन करने का निवेदन किया।

## विधायक ने साइक्लोथॉन यात्रा को किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**विधायक** विनोद भयाना ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा प्रदेश में फैल रही नशे की जड़ों को काटकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ड्रग्स मुक्त हरियाणा के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभायेगी। विनोद भयाना ने यह बात बुधवार को हांसी में साइक्लोथॉन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना करने से पहले उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। यात्रा को रवाना करने वाले लम्हे काफी आकर्षक एवं मनोहर रहे, लोगों ने साइकिल यात्रा में शामिल साइकिल सवारों को फूल मालाएं पहनकर व पुष्प वर्षा कर शानदार स्वागत किया। विधायक ने अपने संबोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश को ड्रग्स मुक्त करने के लिए साइक्लोथॉन यात्रा के रूप शानदार कदम उठाया है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह खुद नशे से दूर रहकर तथा नशा करने वाले लोगों को इसे त्यागने के लिए प्रेरित करें। अगर हम इस दिशा में शत प्रतिशत प्रयास करें तो निश्चित रूप से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सपने को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शुरूआत में शौक के तौर पर युवा नशा कर लेते हैं जो बाद में एक लत बन जाती है, जिससे भरा पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। इसलिए आज नशा त्याग कर परिवार ,समाज व राष्ट्र की उन्नति में सहयोग करने का संकल्प धारण करें। एसडीएम मोहित महराणा ने कहा कि नशा अनेक बुराइयों की जड़ है, इसका त्याग कर सभ्य समाज के निर्माण की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

**साइकिल यात्रा**

**8 युवाओं का आह्वान किया कि खुद नशे से दूर रहकर तथा नशा करने वाले लोगों को त्यागने के लिए प्रेरित करें**

**सांत्वना राशि**

### अंत्योदय परिवारों का सहारा बन रही दयालु योजना

## दयालु योजना के लाभार्थियों को सांत्वना राशि जारी, 563 लाभार्थियों के खातों में पहुंची 21 करोड़ 38 लाख रुपये की राशि

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु), ऐसे परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों के सदस्यों की मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता होने की स्थिति में ऐसे परिवारों को सांत्वना राशि प्रदान करते हुए 563 लाभार्थियों को 12.38 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचाई। इस अवसर पर खनन मंत्री मूलचंद शर्मा और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के



तहत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या 70 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती। इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले 223 लाभार्थियों के खातों में 6 करोड़ रुपये की राशि डाली गई थी।
उन्होंने बताया कि दयालु योजना के तहत विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार लाभ दिया गया है। 6 से 12 वर्ष आयु तक के लिए 1 लाख रुपये, 12 से अधिक व 18 वर्ष तक 2 लाख रुपये, 18 से अधिक व 25 वर्ष तक 3 लाख रुपये, 25 से अधिक व 45 वर्ष तक 5 लाख रुपये, 45 से अधिक व 60 वर्ष तक 3 लाख रुपये की राशि दी जाती है।
इस लाभ में 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) या विभिन्न विभागों द्वारा संबंधित वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि भी शामिल है।
इस मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्तायुक्त, राजस्व टीवीएसएन प्रसाद, हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, खनन एवं भूविज्ञान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरूण गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी, चकबंदी एवं भू- रिकॉर्ड विभाग की निदेशक आमना तसनीम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**योजना का लाभ**

**8 योजना का क्रियान्वयन हरियाणा परिवार सुरक्षा न्यास द्वारा किया जा रहा है: सीएम**

## न्यूज फ्लैश

### दंगा नियंत्रण के लिए बनाई गई दो कंपनियां

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पुलिस अधीक्षक शशांक** कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में दंगा नियंत्रण के लिए दो कंपनियों का निर्माण किया गया है। दोनों कंपनियों अल्फा और ब्रावो द्वारा आज पुलिस लाइन में ड्रिल अभ्यास किया गया। इस अवसर पर दोनों कंपनी के पुलिस कर्मचारियों के साथ डीएसपी हेड क्वार्टर, डीएसपी शहर करनाल, लाइन ऑफिसर और सीडीआई पुलिस लाइन मौजूद रहे। दंगा नियंत्रण के लिए गठित की गई दोनों कंपनियों की पुलिस लाइन में ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें डीएसपी हेडक्वार्टर ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशानुसार दो कंपनियों का गठन किया गया, जिसमें प्रत्येक कंपनी में 100 से अधिक जवान होंगे और प्रत्येक कंपनी में तीन प्लाटून बनाई गई हैं। एक कंपनी डीएसपी हेडक्वार्टर करनाल तथा एक कंपनी डीएसपी शहर करनाल के अधीन कार्य करेगी। प्रत्येक कंपनी का कमांडर डीएसपी रैंक तथा सेकंड कमांडर इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी होगा और प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर तथा सेकंड कमांडर एएसआई होगा। कंपनी के जवान लाठी डंडा, टियर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजिशन में रहेंगे। डीएसपी हेडक्वार्टर ने फोर्स का निरीक्षण कर सभी जवानों को इक्विपमेंट दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई। सभी जवान स्मार्ट, अलर्ट और डिसिप्लिन में रहेंगे। ये कंपनी किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या जातिगत हिंसा या किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्य करेगी। सभी जवानों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति से निपटने और तुरंत नियंत्रण में लाने के लिए निर्देश दिए गए।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# आयुष्मान भारत के 5 पात्रों को वितरित किए गए कार्ड

## अभियान की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडकर की

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल में** बुधवार को आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत हुई। लघु सचिवालय स्थित सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन प्रवेश कुमारी और विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने शिरकत की। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुडने की अपील की। राष्ट्रीय स्तर पर अभियान की शुरूआत भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से जुडकर की।



करनाल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए जिला परिषद चेयरपर्सन प्रवेश कुमारी ने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि इस परिवर्तनकारी अभियान की शुरूआत आज हो रही है। इससे पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, जिससे लोग मुफ्त ईलाज की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा, रक्तदान शिविर, अंगदान की शपथ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे लोगों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता भी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर जन कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं, आयुष्मान भवः कार्यक्रम भी उनमें से एक है। इससे निश्चित रूप से गांव व शहरों में स्वास्थ्य जागृति आएगी।

**पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे, इसी मकसद से कार्य कर रहे मोदी-मनोहर : संजय बठला**

आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत के बाद मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि यह हमारे लिए हर्ष की बात है कि आज इस अभियान की शुरूआत हो रही है। आज से करीब 8 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड की शुरूआत की थी। वहीं दो वर्ष पहले इसी तरह मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु हरियाणा योजना की शुरूआत की थी। दोनों योजनाओं में 5 लाख रुपये तक का ईलाज मुफ्त करवाया जा सकता था। अभी तक हरियाणा में 14 लाख लोगों ने आयुष्मान कार्ड तो 15 लाख लोगों ने चिरायु हरियाणा कार्ड बनवाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जोड़ी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को कैसे लाभ पहुंचे, इस सोच को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा, रक्तदान शिविर, अंगदान की शपथ, आयुष्मान मेले और आयुष्मान सभाओं का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड बनाने और बांटने का कार्य भी इस अभियान में सम्मलित होगा। स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं को लेकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाएगा।

**इन्हें वितिरित किए गए आयुष्मान कार्डः** इस मौके पर जिला परिषद चेयरपर्सन प्रवेश कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, सीटीएम अमन कुमार और सिविल सर्जन विनोद कमल ने 5 पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड वितिरित किए। इनमें राजबाला, श्मशेर सिंह, रेखा रानी, दुर्गा प्रसाद और प्रवेश रानी शामिल है। इसके साथ-साथ 5 निक्षय मित्रों को भी प्रशस्ति पत्र सौंपा। इसमें संयोग इंटरनेशनल ट्रस्ट, युवा संगम एनजीओ, मुरली धाम डिस्पेंसरी ब्रह्मकुमारी, रोक्स जिम से मनोज, जिला परिषद के सदस्य सचिन काम्बोज शामिल हैं। सीटीएम अमन कुमार, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, सीएमओ डॉ. विनोद कमल, भाजपा नेता सोहन सिंह राणा, एमसी मेघा भंडारी, एमसी प्रतिनिधि सुभाष कश्यप सहित स्वास्थ्य विभाग से पीएमओ, डिप्टी सीएमओ, चिकित्सक मौजूद रहे।

## 'सनातन धर्म का अपमान करना ही इंडी अलाइंस का एजेंडा'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**भारतीय जनता** पार्टी हरियाणा सनातन धर्म के विरोध पर कांग्रेस के नेताओं पर हमलावर है। भाजपा प्रवक्ता प्रो. विधु रावल ने सनातन विरोधी बयानों को लेकर कांग्रेस के दिग्गज पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि सतनान धर्म के अपमान पर कांग्रेस की रहस्यमय चुप्पी सवाल खड़ा कर रही है। कांग्रेस नेतृत्व वाले घमंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता खुलेआम षडयंत्र के तहत सनातन को मिटाने की ललकारें लगा रहे हैं, इस पर हरियाणा कांग्रेस के नेता जवाब दें कि वे सनातन धर्म के पक्ष में हैं या विरोध में? भाजपा प्रवक्ता प्रो. विधु रावल कि हरियाणा सनातन धर्म का गढ़ है। हरियाणा के कुरूक्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का पाठ पढ़ाया और आज यही हरियाणा कांग्रेस नेताओं की चुप्पी से शर्मशार है। हरियाणा की जनता जानना चाहती है कि उदयनिधि स्टालिन और ए. राजा जैसे लोगों द्वारा अपने ही सनातन का अपमान होता देख हरियाणा के दिग्गज कांग्रेसी चुप क्यों हैं?

## 'गायों को चारा एवं गुड़ खिलाना, भारतीय संस्कृति की पहचान'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**जेसीआई** करनाल सिटी के सदस्यों द्वारा जेसी सप्ताह के तहत श्री कृष्ण गौशाला में भारत भारत भूषण राय साहिब की याद में गौ सेवा की गई। आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी चन्दन गर्ग, अनिल गुप्ता, आशीष बंसल एवं गौरव गर्ग रहे। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुशील जैन, वशिष्ठ अतिथि गौशाला के प्रधान सुनील गुप्ता, रमेश चंद बंसल एवं सुशील भूषण गुप्ता रहे।

जेसीआई करनाल सिटी के प्रधान सुशील बिंदल एवं वीक कोऑर्डिनेटर अनूप भारद्वाज ने आये हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। सुशील जैन ने कहा



कि गाय हमारी माता है। गायों को चारा खिलाना एवं गुड़ खिलाना, ये हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है।

गौशाला प्रधान ने बताया कि हमें अपने बच्चों में भी ये संस्कार देने चाहिएं। परिवार के सभी सदस्यों के जन्मदिन पर हमें गऊमाता का आशीर्वादलेना चाहिए। संस्था ने कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जेसी सप्ताह के प्रमुख नरेश गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा आज गौशाला में एक ट्राली चारा, 21 हजार नगद सेवा, विभिन्न प्रकार की दवाईयां, दलिया (माण्डी) की सवामणि की सेवा, गौमाता के लिए पौष्टिक लड्डू, गौमाता के सेवादारों के लिए अंगवस्त्र भी गौशाला को सेवा के रूप में दी गई। संस्था के सभी सदस्यों ने गऊमाता को गुड़ एवं चारा भी खिलाया।

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जैड वीपी जतिन सिंगला, मुनीश गुप्ता, सचिव पुनीत बजाज, आशीष गुप्ता, अंकुर गुप्ता, सुमित गुप्ता, पंकज गोयल, गौरव गुप्ता, संजीव गुप्ता, नीरज गुप्ता रिचुर गुप्ता, वरुण, विनय, नवनीत कुबा, मनोज, हितेश, दमन एवं जेसीआई के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दी अपने अधिकारों और कानूनी सहायता संबंधी जानकारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**गुरुनानक** खालसा कॉलेज में कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा कानूनी साक्षरता सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को कानूनी रूप से जागरूक किया गया और उन्हें अपने अधिकारों और कानूनी सहायता संबंधी बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई।



कानूनी प्रकोष्ठ के इंचार्ज डा. बीर सिंह ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसबीर के निर्देश पर हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इज्ञापाल ने विद्यार्थियों को कानूनी सहायता संबंधी जानकारियां दी। इज्ञापाल ने बताया कि विकलांग एवं जिनकी आय तीन लाख रुपए से कम है, वह मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के प्रत्येक जिले में मुफ्त कानूनी सहायता नंबर दिए गए हैं। जिन पर कॉल करके मुफ्त कानूनी सहायता ली जा सकती है।

## मासिक श्रद्धालु संगम में उमड़ी श्रद्धा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्णा चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। उमस भरी गर्मी के बावजूद दर्शनार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, कर्मवीर सिंह, महावीर जैन, पवन जैन, नितिन जैन, राशि जैन आदि ने सुमधुर भजनों से क्षमा बांदा और भक्ति के अद्भुत माहौल में डुबोया। लक्खां तर गए लक्खां ने तर जाना जीना ने तेरा नाम जपिया, जिसकी उंगली पर चला यह सारा संसार है।

## जेल परिसर में किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**जेसीआई** सप्ताह के पांचवें दिन जेसीआई करनाल द्वारा जिला जेल में चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेसीआई के प्रधान कमल गुप्ता ने बताया कि जेसीआई करनाल द्वारा आज जेल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित गया। आज के कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोबिन गर्ग, मनीष गुप्ता, मनीष बंसल, कनवेनर हैप्पी गोयल और गौरव गुप्ता रहे। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक अमित कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण गोयल मौजूद रहे। जिला जेल में आज संस्था द्वारा आज इन्वर्टर भी दिया गया। आज जेल परिसर में कैदियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आज के दिन ही शुभद्रा मानव कल्याण संस्थान नजदीक गुरुनानक द्वार में चैरिटी कार्यक्रम ही आयोजित किया गया। इसके परियोजना निदेशक पवनीश ढींगरा, अंकुश बंसल, दीपक गोयल, अजय गोयल, दीपक गर्ग रहे। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलभूषण गोयल रहे। यहाँ पर जेसीआई करनाल द्वारा आज यहाँ पर सोलर पैनल बिजली के लिए, बर्तन, राशन का सामान, दो अलमारी आदि वितरित किये गए। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने जेसीआई के सभी सदस्यों को ऐसे नेक कार्य करने के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि करनाल वासियों से ऐसे संस्थानों में आकर मानव सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में रेणु बाला गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट नरेश गुप्ता, समीर जिंदल, अमित जैन, जय प्रकाश गोयल, संजय गुप्ता, अजय गोयल, विकास सिंगला, विशाल जिंदल, कृष्ण जिंदल, बॉबी गोयल, सीमा गुप्ता, शैली बांसा, कविता गुप्ता, आशा गोयल, रीना, मंजू, दीक्षा, स्वाति गुप्ता, श्वेता गुप्ता, गौरव,अनुज बंसल, रोहित गर्ग, राहुल, हर्षा आदि उपस्थित रहे।

## दो दर्जन गांवों में घर-घर जाकर कलश में मिट्टी की गई एकत्रित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेरी माटी** मेरा देश अभियान की श्रृंखला में 1 सितम्बर से 30 अक्तूबर तक जिला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान वास्तव में देश की स्वतंत्रता और प्रगति की यात्रा का स्मरण कराते हुए, भारत की मिट्टी और शौर्य के एकीकरण को दशार्ता है। यह कार्यक्रम अपनी मिट्टी से जुडने, अपने नायकों का सम्मान करने और इस तरह अपने मन में राष्ट्रीय गौरव की भावना भरने का



कार्यक्रम है, जो निश्चित रूप से भावी पीढियों को भारत की पोषित विरासत की रक्षा के लिए प्रेरित करेगा। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि करनाल जिला में मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। बुधवार को अभियान के तहत करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स ने अभियान को गति प्रदान करते हुए घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की और आमजन को अभियान के बारे में जागरूक किया। वॉलिंटियर्स ने ग्रामीणों को बताया कि हमारी मिट्टी शहीदों और वीरों की गाथाओं से भरी हुई है। न जाने कितने ही वीरों ने बिना किसी स्वार्थ के इसके लिए अपने प्राणों की आहूति दी है। इन्हीं वीर-शहीदों की शौर्य गाथा को याद करते हुए यह अभियान चलाया गया है। इस दौरान जरिफाबाद, ग्राम पंचायत खोरा खेड़ी, ग्राम पंचायत इंद्रगढ़, घीड़, कुंजपुरा, गांव मोदीपुर, ग्राम पंचायत बदरपुर, इन्द्री ब्लॉक के गांव मुखाला, शेरगढ़ व नथोड़ी सहित कईं अन्य गांवों में अभियान चलाकर कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

## घरौंडा एसडीएम ने इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ की मीटिंग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**घरौंडा** की एसडीएम अदिति की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में बडसत, पुंडरी, फरिदपुर, बराना जोन इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ मिटिंग का आयोजन किया गया। उक्त मिटिंग में डीएसपी घरौंडा संदीप कुमार, एचएसआईआईडीसी के सिनियर मैनेजर राजबीर सिंह, प्रदुषण बोर्ड करनान के आरओ शैलेन्द्र अरोडा, एसडीओ हार्दिक, डीआईसी के सीपी राजेश कुमार ने भाग लिया। इस मिटिंग में सीईटीपी प्लॉट लगाने व फैक्ट्रियों द्वारा जगह-जगह पर टैंकरो द्वारा कैमिकल युक्त पानी डालने के सम्बंध में एजेन्डा रखा गया। पूर्व में हुई मिटिंग में उपमण्डल अधिकारी (नागरिक), घरौण्डा द्वारा एसोसिएशन द्वारा सीईटीपी प्लांट लगाने के सम्बंध में दिए गए निर्देश की समीक्षा की गई। एसोसिएशन द्वारा बताया गया है कि उनकेद द्वारा सीईटीपी प्लांट का प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार कर ली गई है, जिसकी रिपोर्ट बीच-बीच में आरओ, एचएसपीसीडी को प्रेषित की गई। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पर व उक्त मौके पर मौजूद अधिकारियों को सुधार करते हुए प्रोजेक्ट रिपोर्ट पुन: तैयार करने के आदेश उपमण्डल अधिकारी द्वारा मौके पर ही दे दिये गए। उनको प्राप्त शिकायतो के बारे में एसोसिएशन को अवगत करवाते हुए बताया गया कि फक्ट्रीयों द्वारा केमिकल युक्त पानी सडक व किसानों के खेतों में डाल दिया जाता है।

## माइंडफुलनेस वर्कशॉप का किया गया आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**पुलिस कर्मचारियों** के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन में पुलिस लाइन में दिल्ली सरकार हैप्पीनेस टीम की मुख्य सदस्य डॉक्टर सौम्या अरोड़ा की अध्यक्षता में मेंटल फिटनेस और माइंडफुलनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप के जरिए पुलिस कर्मचारियों को बताया गया कि कैसे हम ड्यूटी की अधिकता होने पर भी तनाव मुक्त रहकर, सचेतता से अपनी ड्यूटी कर सकते हैं। डॉक्टर सौम्या अरोड़ा ने बताया कि पुलिस कर्मचारी दिन-रात अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं और काम की



अधिक व्यस्तता होने के कारण वे अपने शरीर को समय नहीं दे पाते, जिसके कारण वह मानसिक तनाव का शिकार हो जाता है। इसलिए इस वर्कशॉप में डॉक्टर द्वारा पुलिस कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहकर ड्यूटी करने की विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया गया। डॉक्टर द्वारा कुछ ऐसी तकनीकों के बारे में भी बताया गया, जिसे पुलिस कर्मचारी अपनी ड्यूटी टाइम में रहते हुए भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि अगर हम अपने गुस्से पर नियंत्रण रखेंगे तो हम अपने दिमाग पर आए तनाव को भी कम करेंगे और फिर अपने व्यवहार से कठिन परिस्थितियों को भी नियंत्रित कर सकेंगे। उन्होंने मन में आए अनेकों विचारों को कम करने की तकनीक के बारे में भी पुलिस कर्मचारियों को बताया। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे तनाव होते हैं, जो हमारे लिए जरूरी भी होते है, जिन्हें लेकर हम अपने कार्यों को बहुत ही सजगता और सचेचता से करते हैं। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पा खत्री, लाइन ऑफिसर पीएसआई बलवान सिंह, सीडीआई पुलिस लाइन एएसआई बिजेंदर सिंह और अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# दुनिया में सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी

## संपादकीय

## हिंदी का बदलता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

**अनुमान** किया जा रहा है कि इक्कीसवीं सदी में विश्व-पटल पर भारत और चीन देशों की मुख्य भूमिका हो सकती है। वे कई परिवर्तनों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। संचार माध्यमों के तीव्र विस्तार के साथ कई अर्थों में विश्व-व्यवस्था और विश्व-गाँव जैसे जुमले वास्तविकता का आकार ले रहे हैं। व्यापार-वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए नए किस्म की जरूरतें पैदा हो रही हैं। अपने हितों को देखते हुए अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत के साथ व्यापार बढ़ा रही हैं। चूंकि उपभोक्ता या ग्राहक हिंदी क्षेत्र में अधिक हैं अतः अर्थतंत्र की संघटना में हिंदी की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हुई है। इस बीच सूचना-प्रौद्योगिकी का भी अप्रत्याशित विस्तार हुआ है जिसने भाषा-व्यवहार, कार्य के परिवेश और कार्य पद्धति में एक अनिवार्य बदलाव आ रहा है। हिंदी भाषा की क्षमता को कई तरह से आँका जाता है। उसके बोलने वालों का बढ़ता संख्या बल, साहित्य-सृजन की मात्र और उसके प्रकाशन का विस्तार, हिन्दी की बढ़ती शब्द-संपदा, हिंदी का लचीला भाषिक स्वरूप, जन-संचार माध्यमों में हिंदी की बढ़ती उपस्थिति, भाषांतर या अनुवाद की व्यवस्था, पारिभाषिक शब्दावली का विकास आदि को ध्यान में रख कर हिंदी की व्यापक भूमिका को अक्सर रेखांकित किया जाता है। भारत के एक बड़े भू भाग में रहने वाली आम जनता अपने सामान्य जीवन में हिंदी को व्यवहार में लाती है परंतु घर के बाहर निकलते ही उसे एक भिन्न प्रकार के और एक हद तक अस्वाभाविक से भाषिक संसार का सामना करना पड़ता है। हिंदी क्षेत्रों में बाजार, स्कूल, मनोरंजन, कोर्ट-कचहरी, अस्पताल, सरकारी कार्यालय और बैंक आदि स्थानों पर हिंदी और अँग्रेजी भाषाएँ प्रतिष्ठा, प्रामाणिकता और उपलब्धता के पैमानों पर अलग पायदानों पर खड़ी दिखती हैं। आज भी अँग्रेजी की स्वीकार्यता निश्चित रूप से अधिक है और वह कुछ अतिरिक्त मोह के साथ भारतीय मानस पर सवार है । यह तब है जब पूरे भारत में हिंदी जानने वालों की संख्या 50 प्रतिशत और अँग्रेजीदाँ की संख्या महज 10 प्रतिशत है। कोई भी भाषा संदर्भ के अनुसार विकसित होती है। जिस भाषा का प्रयोग-क्षेत्र जितना ही विस्तृत होता है वह उतनी ही सबल होती है। जब भाषा के प्रयोग को समाज में सम्मान मिलता है तो उसकी स्वीकृति बढ़ती है। भाषा प्रयोग की औपचारिक और अनौपचारिक शैलियों में भी अंतर होता है और उनकी शब्दावली भी भिन्न हो जाती है। परंतु यह सर्वमान्य है की कोई भाषा उतनी ही सीखी जाती है जितनी उसकी उपयोगिता होती है। भाषा के प्रयोग से ही उसका अस्तित्व होता है और प्रयोक्ताओं कि आवश्यकता से उसकी दक्षता निर्धारित होती है। जब समाज को भाषा की जरूरत होती है तो वह उसका संरक्षण करता है। यह भी गौरतलब है कि भाषाओं के विस्तार के लिए राजनीति बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आज अंग्रेजी का बोलबाला है तो इसका कारण यही है कि दुनिया में अनेक देश उसके उपनिवेश रहे हैं। वही हाल फ्रेंच या स्पेनिश साम्राज्य का था। जहां भी उनके उपनिवेश बने थे वहाँ उनकी भाषा चली। भारत को स्वतंत्रता मिलने के सात दशक बाद भी अँग्रेजी के प्रति ज्यादातर भारतीयों का एक दुर्निवार आकर्षण आज भी बना हुआ है और उसे आसानी से देखा जा सकता है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुद्दढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ?"

**भारत** की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। पिछले 70 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें। किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी हैं। अतः हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा हैं। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान हैं। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था। यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी



अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है। अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है। बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है।

विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुद्दढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं। आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो। हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।

## कविता

### हिंदी को बनाएं राष्ट्रभाषा

हिंदी है हमारी प्यारी भाषा,
हिंदी है एक शक्तिशाली
और विशाल ज्ञान की भाषा,
आओ बनाएं इसे राष्ट्रभाषा।

हिंदी भाषा हमारा मान और अभिमान है,
हिंदी राष्ट्र का वैभवशाली गौरव गान है।

हिंदी देश की गंगा -जमुनाई स्वाभिमान है,
हिंदी पर न्योछावर हर दिल और जान है।

हिंदी भारत के माथे की चमकती बिंदिया है।
हिंद देश में बहती पवित्र गंगा नदिया है।

हिंदी पर आओ शीश झुकाएं,करें नमन,
हिंदी ही है लताएं, फूल, बगिया और चमन।

हिंदी से ही बना प्यारा हिंदुस्तान हमारा,
हिंदी ने ही किया शीश जग में ऊंचा हमारा।

हिंदी भाषा भोली और इतनी विशाल है,
हिंदी भाषा अवाचीन और बेमिसाल है।

हिंदी हमारे असंख्य हृदयों पर करती राज,
हिंदी से ही अत्यंत सफल है, देश का काम-
काज।

संजीव ठाकुर

## हिंदी एक न एक दिन बनेगी राष्ट्र भाषा

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

**हम** सब इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि हिंदी भाषा देश में ही नहीं विदेशों में भी एक बड़े समूह द्वारा द्वारा बोली और समझी जाती है। विश्व में जहां इसका तीसरा स्थान है वहीं देश में प्रथम स्थान है। स्वतंत्रता आंदोलन में भी इसका प्रमुख योगदान रहा है। दु:ख की बात है कि इसके बावजूद भी हिन्दी संवैधानिक दृष्टि से राजभाषा है , राष्ट्र भाषा नहीं। 1950 से निरंतर हम 14 सितंबर को हिन्दी दिवस तथा हिंदी सप्ताह, हिंदी पखवाड़ा मनाते आ रहे हैं, इस आशा में कि एक न एक दिन यह राष्ट्र भाषा बनेगी। यह सही है कि भाषा बहता नीर होती है। उसकी गति और विकास बोलने वालों की क्षमता पर निर्भर होता है। हम देख भी रहे हैं कि अनेकानेक बाधाओं और तिरस्कार को सहते हुए भी हिन्दी निरन्तर विकसित, सशक्त और अधुनातम बनते हुए वैश्विक स्वरूप प्राप्त कर रही है। आज राजनैतिक, सामाजिक, तकनीकी और प्रायोगिक तमाम परिस्थितियों की अनुकूलता के बावजूद हिन्दी को राष्ट्रभाषा का गौरव न मिल पाना देश का दुर्भाग्य ही है। हिंदी को राष्ट्रभाषा न स्वीकारने वालों का मत रहा है कि हिंदी में उच्च शिक्षा प्राप्त करना कठिन है, हिंदी में अच्छी पाठ्य सामग्री नहीं है, हिंदी जानने और बोलने वाला अच्छी नोकरी नहीं प्राप्त कर सकता है,कुछ राज्यों में इसको समझने वाले कम है,यह सूचना क्रांति के युग में कम्प्यूटर और मोबाइल की भाषा नहीं बन सकती। इस दृष्टि से भी आज हिंदी परीक्षा की कसौटी पर खरी उतरी है और उसने अपने सामर्थ्य और महत्व को हमेशा सिद्ध किया है। इस देश की विडम्बना देखिए शिक्षाविद, साहित्यकार, राजनीतिज्ञ, पत्रकार, तकनीकी विशेषज्ञ तथा प्रशासनिक अमला आदि सब हिंदी की राष्ट्र भाषा के रूप में वकालत तो करते है पर अधिकांश अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के शिक्षण संस्थानों में पढ़ाने से नहीं चूकते, अंग्रेजी बोलने में शान समझते हैं। आज हमारी केन्द्र सहित अधिकांश राज्य सरकारें स्वदेशी अपनाने पर जोर देती है, पर स्वदेशी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने पर मौन हो जाती हैं। हमारी वर्तमान केन्द्र सरकार एक राष्ट्र,एक झण्डा,एक विधान की बात तो जोर-शोर करती है और प्रयास भी करती है पर देश की एक राष्ट्रभाषा के संदर्भ में चुप रहना पसंद करती है। यद्यपि क्षेत्रीय भाषाओं और संवैधानिक भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन, शिक्षण की वकालत अवश्य करती है, तथापि राष्ट्रीय नयी शिक्षा नीति 2020 में भी कहीं हिंदी की अनिवार्यता नहीं है। त्रिभाषी फामूर्ला में भी क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा को प्रोत्साहन और प्राथमिकता है । क्या केन्द्र सरकार त्रिभाषी फामूर्ला में हिंदी को अनिवार्य नहीं कर सकती? ऐसी में कैसी हिंदी राष्ट्रभाषा का स्वरूप प्राप्त कर सकेगी? हिंदी के संबंध में एक ही बात पोजिटिव देखाई देती है कि हमारी संसद में अधिकांश बहस हिंदी में होती है और सरकार भी अपना पक्ष हिंदी में रखती है। प्रधानमंत्री जी तो देश- विदेश और संयुक्त राष्ट्र संघ में अधिकांशत: अपनी बात हिंदी में करते हैं। यह एक शुभ संकेत है। मुझे देश के कुछ राज्यों जिसमें प्रधानमंत्री जी के गुजरात का अहमदाबाद भी शामिल हैं में घूमने जाने का मौका मिला है पर दु:ख उस समय हुआ जब इन राज्यों में दुकानों के नाम और सरकारी संकेत पट्टिकाएं भी क्षेत्रीय भाषाओं के साथ अंग्रेजी में लिखी मिली।

## विचार

## जीवन जीने का सलीका देती है हिंदी

**कृष्ण कुमार निर्माण**

**हिंदी** तमाम तरह की बाधाओं को पार करते वर्तमान दौर में वैश्विक फलक पर अपना परचम लहरा रही है।इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तमाम तरह की रुकावटों के बावजूद आज हिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है,जिसे सबसे ज्यादा संख्या में लोग बोलते,पढ़ते,समझते हैं।यहाँ यह कह देना समीचीन होगा कि यह सब हिंदी ने अपनी तमाम उपेक्षाओं के बाद किया है जो हिंदी ने सही हैं मगर हिंदी भाषा ने इधर-उधर ना देखकर अपना मुकाम हासिल किया है।वैसे इसी संदर्भ में यह भी धातव्य है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की वकालत भी गैर हिंदी भाषी राज्यों से आए लोगों ने ज्यादा की थी और तथाकथित हिंदी भाषी वालों ने बहुत कुछ किया मगर उतना नहीं,जितने की अपेक्षा हिंदी को थी।वर्तमान में भी यही हो रहा है।लेकिन इसके बावजूद आज हिंदी आभासी दुनिया में अपनी बढ़त बनाए हुए है और हर रोज होने वाली पोस्ट में अग्रणी स्थान रखती है।संयुक्त राष्ट्र हिंदी समाचार के एक्स प्लेटफॉर्म पर पचास हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।हिंदी फिल्मों का जलवा सात समंदर पार तक है।हिंदी आम बोलचाल की भाषा बनती जा रही है।देश की स्तिथि तो यह है कि आप देश के किसी भी कोने में चले जाइए,आपको हिंदी समझने,बोलने वाले मिल ही जायेंगे और निसंदेह यही कारण है कि हिंदी आज भी देश को जोड़े हुए है और निसंदेह अब हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने में देर नहीं लगानी चाहिए।इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि वर्तमान दौर में हिंदी विलाप की नहीं बल्कि विकास की भाषा है।इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि चाँद पर जाने के लिए नाम चन्द्रयान रखा गया।उस जगह का नाम शिवशक्ति रखा गया।प्रज्ञान रोवर कहा गया और सूर्य पर जिसे हमने भेजा,उसका नाम भी हमने आदित्य रखा।यह कह सकते हैं कि इस तरह की शब्दावली जो निरंतर विकसित होकर हिंदी को ज्ञान-विज्ञान और सामर्थ्य की भाषा बना रही है।निसंदेह यह हिंदी भाषा का नया संसार है।हिंदी के जलवे को साबित करने के लिए यह तथ्य काफी है कि दक्षिण भारत की फिल्में भी हिंदी में डब होकर नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं।मजे की बात यह है कि आभासी दुनिया के हर प्लेटफॉर्म पर हर रोज लगभग ढाई खरब से ज्यादा कंटेंट पोस्ट होते हैं और इनमें हिंदी भाषा ने अपना अच्छा-खासा स्थान बनाया हुआ है।और तो और आजकल तो प्रेजिडेंट ऑफ भारत भी लिखा जाने लगा है और जितना विश्व के लोग नमस्ते कहने में मजा लेते हैं उतना गुड मॉर्निंग कहने में नहीं क्योंकि हिंदी संस्कार की भाषा है,हिंदी प्यार की भाषा है और हिंदी व्यवहार की भाषा है।गजब है कि विश्व के लगभग सौ से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी का शिक्षण कार्य करवाया जाता है।आज तक हिंदी के लगभग एक दर्जन वैश्विक हिंदी सम्मेलन हो चुके हैं।निरंतर हिंदी माध्यम से सिविल सेवा की परीक्षा देकर उतीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या बढ़ रही।विदेशों में हिंदी के खबरिया चैनलों को देखा जाने लगा है।हिंदी की फिल्में विश्व के हर कोने में अब देखी जाती है और यहाँ तक कि ऑस्कर की न केवल दौड़ में होती हैं बल्कि पुरस्कार भी जीतती हैं।विज्ञापन की भाषा तो हिंदी की कमाल करती है। हमें गर्व करना चाहिए कि विज्ञापनों की दुनिया ने हिंदी को वैश्विक भाषा के मुहाने पर खड़ा कर दिया है मगर हैरत है कि भारत सरकार ने आज तक भी हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं दिया जबकि देश का माननीय उच्चतम न्यायालय जरूर यह निर्णय ले चुका है कि न्यायालय के हर फैसले की प्रति हिंदी में भी उपलब्ध हुआ करेगी।तो देर किस बात की अब वह समय है जब हिंदी को देश की राष्ट्रभाषा कानूनी रूप से घोषित कर देना चाहिए।यदि रखिए चाहे आप कितने ही विद्वान क्यों ना हो जाएं मगर अपनी भाषा के बिना निसंदेह आधे-अधूरे हैं और रहेंगे और आपका विकास नहीं हो सकता क्योंकि भारतेंदु हरिश्चंद्र ने कहा है कि निज भाषा की उन्नति है,सब विकास का मूल। तो निश्चित रूप से निज भाषा सभी विकास का मूल है और जिसने मूल को त्याग दिया फिर वृक्ष कभी पूर्ण रूप से पनप ही नहीं सका,घर की दीवारें बिना नींव के खड़ी हो ही नहीं सकती।इस समय हिंदी का शब्द भंडार इतना विशाल है कि सम्भवत: कोई भी दूसरी भाषा इसका मुकाबला नहीं कर सकती।हिंदी निरंतर नई शब्दवली गढ़ रही है। हिंदी भाषा का साहित्य प्रचुर मात्रा में है। विदेशों के लोग भी हिंदी सीखने की ओर लालायित हो रहे हैं। यहाँ तक अब तो चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकें भी हिंदी में छापे जाने की योजना है।यह भी कह सकने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि हिंदी भाषा जिस तरह से वैश्विक फलक पर अपना सिक्का जमा रही है तो वह दिन दूर नहीं जब हिंदी विश्व की न केवल प्रथम भाषा होगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे स्वीकार किया जाएगा।पर इस संदर्भ में हमारा भी नैतिक दायित्व बनता है कि शीघ्र हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दें और हिंदी बोले,हिंदी का प्रयोग करने में हिचकिचाएं नहीं क्योंकि हिंदी मानवता की भाषा है।तभी तो हरिवंशराय बच्चन ने ठीक ही कहा है कि हिंदी मुझे कुछ दे या ना दे मगर जिंदगी जीने का सलीका जरूर देती है। जय हिंदी जय भारत।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## किसान अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर यह सर्वविदित है कि भारत आदि अनादि काल से ही कृषि व गांव प्रधान देश रहा है। भारत की एक बड़ी जनसंख्या कृषि परआधारित है, जो हमने अपने बचपन में ही प्राथमिक शिक्षा स्तरपर पढ़ें हैं, इस क्षेत्र की समस्याओं के बारे में पढ़ें हैं। स्वतंत्रता के पश्चात कई सरकारें, समाधान, वित्त पोषण सहित सुधारो की लंबी फेरेस्त श्रृंखला हमें देखने को मिली है। कृषि क्षेत्र का पौराणिक,पारंपरिक स्तर से वर्तमान डिजिटल आधुनिकता में भी परिवर्तन कर कृषि संबंधी करीब हर अस्त्र आज प्रौद्योगिकी विज्ञान से लैस कर दिया गया है, परंतु फिर भी कृषकों की समस्याएं कम नहीं हुई है। पिछले कुछ महीनें पूर्व हमने देखे किस तरह पूरे देश में कृषक आंदोलन का माहौल था, जिसमें कुछ राज्यों का बहुत जोर था वह एमएसपी की मांग पर अड़े थे, परंतु हमारे मराठी की कहावत, तू चाल में येतो, के रूप में स्थगित हो गया। कुछ आंकड़ों को छोड़ दें तो अधिकतम कृषकों की स्थिति जो की त्यों बनी हुई है। हालांकि जब से डायरेक्ट बेनिफिट्ट्रांसफर की सुविधा से करोड़ों किसानों के खातों में डायरेक्ट सहायता राशि पहुंच रही है और पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है परंतु इसे बहुत आगे ले जाकर किसानों के लिए ऐसे अवसर ओपन करने की जरूरत है ताकि युवाओं को भी इस क्षेत्र में आकर्षित किया जा सके, क्योंकि कृषि क्षेत्र मानवीय जीवन की प्राथमिकताओं आवश्यकताओं से जुड़ा है,जिनके सहयोग से मानवीय खाद्य पदार्थ की उपलब्धि होती है इसलिए अब पूरी दुनिया का कृषि क्षेत्र पर ध्यान देना लाजमी भी है और पूरी दुनियां के कृषि समुदाय को एकीकृत होने की श्रृंखला को रेखांकित करना जरूरी है जिससे वैश्विक स्तरपर कृषक हितों, समस्याओं, सुधारो अधिकारों का संज्ञान लेकर परामर्श दिशानिर्देश वह उच्च स्तर पर सहयोग बनाया जा सके। इसलिए भारत की मेजबानी में 12-15 सितंबर 2023 को कृषक अधिकारों पर वैश्विक संकोष्टि शुरू है इसे इटली के रोम स्थित खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के खाद्य और कृषि के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि (अंतर्राष्ट्रीय संधि) के सचिवालय द्वारा आयोजित, वैश्विक संगोष्ठी की मेजबानी कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा की जा रही है।

## वाट इज हिंडी ?

**डॉ. सुरेश**

**मैं** हैदराबाद एयरपोर्ट पर अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहा था। फ्लाइट थी दो घंटे लेट। आखिरकार दो घंटे बाद फ्लाइट आ ही गई। चेकिन करने का समय आया तो मेरे आगे एक मैडम खड़ी थीं। मैडम पाश्चात्य संस्कृति की ब्रैंड अबासिडर दिख रही थी। ऊपर से भारी-भरकम अंग्रेजी शब्दों का लाग लपेट। जब तक खड़ी रही तब तक किसी से फोन पर अंग्रेजी झाड़े जा रही थीं। मैं ठहरा पक्का हैदराबादी। वह भी पुराने शहर का। उसमें तभी मोगलपुरे का। देश की पूरी लाली मेरे मुँह में दिखती थी। होगी भी क्यों न! साहब पान जो खाता हूँ मैं। वह तो एयरपोर्ट का तामझाम देखकर किसी तरह अपने मुँह पर ताला लगाए बैठे था। अगर बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन होता तो अब तक वो हालत करता कि लाली तेरे लाल की जित देखो तित लाल की तर्ज पर सारा वातावरण लाली से भर देता। बहरहाल चेकिन चल रही थी। टाइट सेक्युरिटी के बीच सबकी जमकर तलाशी ली जा रही थी। मैं अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहा था। चेकिन करने वाले सीआईएसएफ कांस्टेबल ने मेरे आगे खड़ी मैडम से हिंदी में कुछ पूछा। इस पर मैडम ऐसी भड़की मानो किसी ने उनका पर्स छीन लिया हो। मैडम को न जाने क्या हुआ पता नहीं। फरार्टेदार अंग्रेजी में जोर-जोर से बड़बड़ाने और चिल्लाने लगीं- हाव डेर यू टु आस्क मी इन हिंडी, आई विल कंप्लेन अंगेस्ट यू।, आई विल फायर यू फ्रॉम जॉब, यू सेंसलेस पिपुल।। अब मैं ठहरा अंग्रेजी में गुड़गोबर। मुझे न मैडम की बात समझ में आ रही थी और न ही मामला। मैं अपने बाल नोंचने लगा। मुझसे रहा नहीं गया। मैं पास में खड़े सेक्युरिटी वाले से पूछ बैठा झ भाई साहब! यह मैडम इतना क्यों चिल्ला रही हैं? वैसे हुआ क्या है? सेक्युरिटी गार्ड ने मुझसे कहा - वह हुआ यूँ कि सीआईएसएफ कांस्टेबल ने मैडम से हिंदी में कुछ पूछ लिया। मैडम ने कहा- आई डोंट नो हिंडी। प्लीज आस्क मी इन इंग्लिश। इस पर कांस्टेबल ने पूछा- क्या आप भारतीय हैं? इतना सुनना था कि मैडम का गुस्सा सातवें आसमान पर। मैडम को लगा कि उनकी भारतीयता को अपमानित किया गया है।

# आयुष्मान भव कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश

## आयुष्मान भव अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लागू होगा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**केंद्रीय** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 'आयुष्मान भवः'पहल का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बुधवार को गुजरात के राज भवन से शुभारंभ करते हुए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विश्व की यह सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है। केंद्र सरकार इस अभियान के तहत नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। केंद्र सरकार ने इससे पूर्व कोविड 19 को लेकर बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया था जिसका फायदा 120 करोड़ नागरिकों को पहुंचा व 150 देशों को कोविड की दवा सप्लाई की गई। जिला सचिवालय में उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिया गया संदेश सुना व अधिकारियों को



आयुष्मान भव कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि आयुष्मान भवः एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक स्तर पर पहुंचाना है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र के जन्मदिन पर 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्तुबर तक सभी स्वास्थ्य केंद्र पर चलाया जायेगा। इस अभियान की कड़ी में सफाई अभियान भी चलाया जायेगा। सरकार की यह पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता के मद्देनजर शुरू की गई है। आयुष्मान योजना से जुड़े सभी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर आयुष्मान

**स्वास्थ्य पर बल**

**सभी ब्लॉकों में व अस्पतालों में इसे सफल बनाने को लेकर टीबी व अन्य रोगों के इलाज के साप्ताहिक मेले व शिविर लगाए जाएंगे**

मेले लगायें जायेंगे। अभियान के तहत गरीब के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लोगों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। आयुष आपके द्वार के तहत पात्र लोगों के तुरंत कार्ड बनाए जाएंगे।

उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हर घर तक पहुंच कर आयुष्मान भव अभियान को कामयाब करेंगे। आयुष्मान भव अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहला है। जिले के सभी ब्लॉकों में व अस्पतालों में इसे सफल बनाने को लेकर टीबी व अन्य रोगों के इलाज के साप्ताहिक मेले व शिविर लगाए जाएंगे। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अंगदान अभियान भी चलाया जायेगा। अनेक स्थानों पर रक्त दान शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा। इस देश व्यापी कार्यक्रम को सेवा पखवाड़ा के दौरान लागू किया जाएगा। उपायुक्त ने इस अभियान को सफल बनाने का आम नागरिक से आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने निक्षय मित्र योजना के तहत विभिन्न कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा,अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, सीएमओ जयंत आहुजा के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का हुआ भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**अंतरराष्ट्रीय जाट** संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ.नवीन नैन भालसी व पूरी टीम ने बिजली एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का पानीपत पहुँचने स्वागत किया गया। बता दें कि सिवाह गाँव में महाराजा सूरजमल जी के नाम पर आर्य जाट धर्मार्थ सभा द्वारा शिलान्यास समारोह के आयोजन में बतौर बिजली एवं जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला समारोह की अध्यक्षता करने पहुंचे थे। इस दौरान डॉ.नवीन नैन भालसी ने उन्हें समारोह के पश्चात जलपान के लिए अपने कार्यालय सैक्टर 13-17 पानीपत में आमंत्रित किया था। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि ताऊ देवीलाल परिवार के बारे में चौ. रणजीत सिंह चौटाला ने बहुत पुरानी बातों व नीतियों से अवगत कराया।

# 'लोगों के बीच पहुंचाया जा रहा राहुल गांधी का संदेश'

## देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, क्राइम आए दिन बढ़ता जा रहाः मनोज



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**प्रदेश** महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना हल्के के गांव कासंडी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी की चिट्ठी सभी उपस्थित साथियों को दी। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए । मनोज गोहाना ने कहा कांग्रेस पार्टी पूरे देश और प्रदेश मे गांव गांव जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाने का काम कर रही है। देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, क्राइम, आए दिन बढ़ता जा रहा है, देश व प्रदेश की भाजपा सरकार किसी भी समस्या को दूर करने के लिए कोई ठोस व कारगर कदम नहीं उठा रही है।

**विचारधारा**

**गांव कासंडी में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी की चिट्ठी सभी उपस्थित साथियों को दी**

आज देश का युवा अंधकार में भटक रहा है । आज देश में चाहे किसान हो, मजदूर हो, छोटा दुकानदार हो, कर्मचारी हो, अपने हकों की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। अपने हको की लड़ाई लड़ने के लिए कोई धरना प्रदर्शन करता है उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज करवाए जाते हैं हर वर्ग इस सरकार से दुखी है। इस मौके पर दिनेश आर्य, कृष्ण, सबीर,राजरूप ,देवदत्त, सतवीर, जोगिंदर, वीरेंद्र,प्रेम, सुरेश, जितेंद्र, सत्यवान, जोगिंदर, सुरेंद्र, वजीर आदि मौजूद रहे ।

# निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर में बच्चों को दी कैरियर संबंधी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**एनलाइट** लाइफ ऑफ किड्स इन नीड कनाडा व सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के संयुक्त तत्वाधान में गांव केसरी में चल रहे निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में बच्चों को कैरियर सम्बन्धी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने की। इस अवसर पर एनलाइट किड्स के प्रतिनिधि गुरमीत पुनिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि



बच्चों को एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है ताकि हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस मौके पर सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि इस सैंटर में सिर्फ लडकियों को ही निशुल्क कम्प्यूटर ट्रैनिंग व कैरियर सम्बन्धित जानकारी दी जाती है। इस सैंटर में 45 लडकियां टाईपिंग प्रशिक्षण ले रही है।

# जिला पास्टर संगठन की मासिक बैठक हुई संपन्न

**विशेष प्रार्थना**

**राहुल मसीह का पास्टर का ओडिनेशन हो जाने पर उन्हें पास्टर ऐसोसिएशन की ओर से बधाई दी**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जिला** पास्टर ऐसोसिएशन की मासिक मीटिंग जंडली फाटक के साथ लगती फ्रेंड कालोनी में स्थित यीशू दरबार में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एवं हयूमन राईट के चैयरमैन पास्टर जे॰पी॰ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। चर्च के पास्टर वरिष्ठ पादरी अनिल पी॰ राम ने मीटिंग में



भारी संख्या में पहुंचे सभी पास्टरों का मंच के माध्यम से स्वागत किया।

ऐसोसिएशन के सचिव बेथेल प्रार्थना भवन के पास्टर सुनील ने पास्टर अनिल पी॰ राम के बेटे राहुल मसीह का पास्टर का ओडिनेशन हो जाने पर उन्हें पास्टर ऐसोसिएशन की ओर से बधाई दी तथा उन्हें पास्टर ऐसोसिएशन की सदस्यता देते हुए पास्टर ऐसोसिएशन में शामिल भी किया।

हरियाणा पास्टर ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप मसीह भी इस अवसर पर मौजूद थे। इस मीटिंग में मणिपुर के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

## न्यूज फ्लैश

### आज गांव संभालखा में लगेगा निःशुल्क हेल्थ-आंखो का जांच शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी ओर से प्रत्येक सप्ताह में लाडवा हल्के के किसी न किसी में निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प व आंखो का जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसका हल्के की जनता भरपूर लाभ उठा रही है। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आज दिन गुरुवार को लाडवा ब्लॉक के गांव संभालखा में ग्रामीणों के स्वास्थ्य को देखते हुए निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प व आंखो का जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दवाईयां व चश्में निःशुल्क वितरीत किये जाएंगे। कैम्प सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा।

### संतुलित आहार का सेवन करें महिलाएंः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**डीसी वीरेंद्र** कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि छठे राष्ट्रीय पोषण अभियान को लेकर जागरुकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसमें महिलाओं और बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई है और साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई है। उन्होंने सभी माहिओं से आह्वान किया कि वे लगातार संतुलित आहार का सेवन करे। महिला एवम बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी परमिंद्र कौर ने बताया कि पोषण अभियान में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के लिए महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है, इस वर्ष पोषण माह का थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत व सशक्त भारत है। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान बारे विस्तार से जानकारी देते हुए पोषण की शपथ भी दिलाई गई है। उन्होंने बताया कि खंड स्तरीय कार्यक्रम में महिलाओं को संतुलित आहार, हरी पत्तेदार सब्जियों, दालों, अंकुरित दालों का सेवन करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि पोषण अभियान को समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर विभाग की सुपरवाइजर, सभी आंगनवाड़ी वर्कर, हैल्पर के अलावा महिलाएं इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही हैं।

### शैक्षणिक भ्रमण पर आई पलवल की छात्राएं कुरुक्षेत्र के धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों को देखकर हुई गदगद

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**

**शैक्षणिक भ्रमण** पर आए जिला पलवल के अध्यापकों व छात्राओं का रेणुका सदन कुरुक्षेत्र में जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित अध्यापकों की टीम ने भावपूर्ण स्वागत किया। जिला पलवल से आए इन मेहमानों का चंदन कुमकुम तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर सहृदयता से रेणुका सदन में प्रवेश कराया। नवागंतुक छात्राओं के लिए यह एक मर्मस्पर्शी अनुभव रहा।



ज्ञातव्य रहे की इस अभूतपूर्व नवाचारी शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन निदेशक माध्यमिक शिक्षा पंचकूला हरियाणा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने निदेशालय माध्यमिक शिक्षा पंचकूला के निदेशक डा अंसज सिंह व अतिरिक्त निदेशक अमृता सिंह का आभार व्यक्त किया जिनके उत्कृष्ट प्रयासों से यह स्नेहमय व ज्ञानस्वरुप आशीर्वाद मिल पाया।

खाना खाने के उपरांत छात्रायें कल्पना चावला तारामंडल, ज्योतिसर तीर्थ, पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र , श्रीकृष्ण संग्रहालय, ब्रह्मसरोवर, बोद्ध स्तूप व शेखचहेली के मकबरे इत्यादि के भ्रमण के लिए रवाना हो गई। पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में छात्राओं ने महाभारत कालीन घटनाओं व विज्ञान की मूल अवधारणाओं से सामंजस्य स्थापित किया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी राजकुमार तुषार सश्रम व्यस्तताओं में भी प्रतिबद्ध नजर आए। इस सुअवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित कर्मठ अधिकारियों की टीम कुशल प्रबंधन व छात्राओं के दैनिक आवश्यकताओं के अनूरूप क्रियाकलापों में व्यस्त रही।

# भारतीय किसान संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) भारतीय** किसान संघ की तरफ से एसडीएम बराडा के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सोपा गया ज्ञापन जिसमें किसान संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा सरकार से मांग की गई है कि जीरी की खरीद जल्दी से जल्दी शुरू करवाई जाए और जो फसलों का खराबा प्राकृतिक मार से हुआ है उसके नुकसान की भरपाई जल्दी से जल्दी किसानों के खाते में जमा करवाई जाए इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री विजय गौड़, यशपाल राणा मंडल अध्यक्ष ,सचिन राणा, सुरेन्द्र राणा,राम सिंह,राजिंदर रिंका राणा,रोहतास राणा के साथ अन्य मौजूद रहे।

# विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में दो सालों से चल रहा है नि:शुल्क में अटल सेवा केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**पानीपत शहरी** विधायक प्रमोद कुमार विज के कार्यालय में, क्षेत्र की जनता को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाने के लिए, जनवरी 2021 से अटल सेवा केंद्र चलाया जा रहा है। सेवा केंद्र में दी जा रही सुविधाए पूर्णत निशुल्क है । सी एस सी का संचालन विधायक विज के सहयोगियों के देखरेख में किया जाता है । सेवा केंद्र में राज्य सरकार की योजना परिवार पहचान पत्र बनाना हो या आयुष्मान योजना का



कार्ड हो या अन्य योजनाओ का लाभ लेना हो। विधायक कार्यालय के अटल सेवा केंद्र का स्टाफ लगातार क्षेत्रीय लोगो की समस्याओ का समाधान करने के लिए प्रयासरत रहता है । अगर किसी योजना के लिए लाभार्थी व्यक्ति के पास त्रुटी वस पुरे कागज नही है ,तो विधायक के कार्यालय द्वारा लाभार्थी के कागजो को भी पूर्ण कराया जाता है। विधायक प्रमोद विज ने बातचीत में कहा की केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तिओ को मिले इस हेतु निरंतर प्रयासरत रहता हू । कार्यालय में पानीपत के नागरिको को सी एस सी के माध्यम से सरकारी योजनाओ का लाभ मिले।

# विजय जैन ने जनसंपर्क अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत ग्रामीण** हल्का के नेता विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव डाहर, बुडशाम और ब्राह्मण माजरा में जनसंपर्क साधकर लोगों से मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि मैं पानीपत ग्रामीण हल्के के लोगों के दुःख दर्द को जानने के लिए ही आप लोगों के बीच में आया हूं। उन्होंने कहा है कि मेरा चुनाव लडने का कोई इरादा नहीं था परन्तु ग्रामीण हल्के की जनता के दुःख दर्द को देखकर ही राजनीति में आने का फैसला किया। मेरे पास भगवान का दिया सब कुछ है मेरे



को किसी भी चीज की इच्छा नहीं है इच्छा है तो सिर्फ पानीपत ग्रामीण हल्के के उन बुजुर्गों, माता, बहनों और नौजवानों की है जो कि समस्याओं के समाधान व कालोनी व गांव में विकास के लिए दर-दर के भटक रहे हैं। जैन ने कहा है कि मैंने सब कुछ त्याग के राजनीति में आने का फैसला किया है। सब कारोबार अपने परिजनों के हवाले करके अब मैं जनता की सेवा करूंगा और 24 घंटे आप लोगों की सेवा में लगाऊंगा। मेरा परिवार 30 सालों से जन सेवा कर रहा है। हमारा मानना है कि जन सेवा ही भगवान की सेवा है। पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि विजय जैन एक सच्चा जनसेवक है और एक संत की तरह अपना जीवन जीयेगा। इस अवसर पर गांव डाहर के सरपंच मोनू नांदल,शमशेर मांगेराम नंबरदार, गोवर्धन नांदल,रामफल पटवारी,विजेंद्र नांदल, जगमोहन, पुजारी किताब सिंह, गांव बुडशाम में सतपाल मेंबर पंचायत, ईश्वर सांगवान, एडवोकेट करमजीत पंडित, बलवान सैनी,प्रदीप गोलिया,कृष्ण पहलवान और गांव ब्राह्मण माजरा से सत्यनारायण शर्मा, जय भगवान जागलान, विजेंद्र अहलावत, सरपंच राम मेहर, महावीर जागलान, प्रमोद पंच, डॉ.बृजेश, प्रवीण चौकीदार, सतपाल,एडवोकेट रमेश मौर्या,मनोज सिरोहा, जयप्रकाश त्यागी, शिव कुमार शर्मा व बलदेव अरोड़ा हनुमान आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में अगली सरकार बसपा के सहयोग से बनेगीः राणा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**प्रदेश में** अगली सरकार बहुजन समाज पार्टी के सहयोग से बनेगी। और प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं। ये बातें बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र राणा ने अपने निवास स्थान ददलाना पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आने वाली 26 सितंबर को बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद असंध में दो लोकसभा क्षेत्रों करनाल और सोनीपत की समीक्षा बैठक को संबोधित कर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम



करेंगे। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में बुथ स्तर के कार्यकर्ता भाग लेंगे । ताकि आने वाले समय में बहुजन समाज पार्टी को मजबूत किया जा सके । उन्होंने कहा कि जब से आकाश आनंद ने राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर का पदभार संभाला है, तब से कार्यकर्ताओं में नई जान आ गई है । आज लोग बसपा को विकल्प के रूप में देख रहे हैं। आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार से किसान, मजदूर, व्यापारी , कर्मचारी सभी वर्ग दुखी हैं। सभी वर्गों के लोग अपने हकों की लड़ाई के लिए किसी न किसी रूप में सड़कों पर हैं । परंतु प्रदेश की गूंगी और बहरी सरकार को कुछ नहीं सुनाई देता।

## संबंधित विभाग नोटिस देने के बाद हो जाते हैं खामोश -स्वामी

# पानीपत : कृषि भूमि पर धड़ल्ले से हो रहे हैं अवैध निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**पानीपत शहर** के चारों तरफ कृषि भूमि में धड़ले से विकसित किया जा रही है अवैध कालोनियां संबंधित विभाग नोटिस देने के बाद हो जाता है खामोश यह बा जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार अवैध कॉलोनियां को विकसित होने से रोकने के लिए बड़े-बड़े दावे करती है वहीं दूसरी तरफ उनकी पार्टी के ही कुछ नेता धड़ल्ले से कृषि भूमि के अंदर बड़े-बड़े गोदाम बनाने और कॉलोनी विकसित करने में लगे हुए। उन्होंने कहा कि चंदौली से बबैल रोड पर कई जगहों पर अवैध गोदाम बनाए गए हैं इसके साथ-साथ वार्ड 25 हरी नगर, वार्ड 24 भारत नगर, जाटल रोड ,सोंधापुर, काबड़ी रोड से गड़ी सिकंदरपुर के रास्ते में भी बहुत से

**निशाना साधा**

**अवैध तरीके से बनाए जा रहे गोदाम को रोका गया और वहां पर नोटिस शिव कहा गया चस्पा किया गया**



अवैध गोदामो का धड़ल्ले से अवैध निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत राजेश कौशिक डीटीपी नगर निगम को दी गई थी जिस पर कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा गाड़ी सिकंदरपुर रोड पर एक अवैध तरीके से बनाए जा रहे गोदाम को रोका गया और वहां पर नोटिस शिव कहा गया चश्पा किया गया उन्होंने कहा कि इस प्रकार सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचा कर अवैध निर्माण करवाने वाले लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए और इन अवैध निमार्णों को तत्काल प्रभाव से दावा किया जाना चाहिए लेकिन नगर निगम और जिला योजनाकार विभाग नोटिस देने के बाद नोटिस देने के बाद खामोश हो जाते हैं।

# निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण करेगी केजरीवाल सरकार

## निर्माण श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने लिया निर्णय

**श्रमिकों का कल्याण**

**श्रम विभाग मोबाइल वैन के जरिए दिल्ली के सभी लेबर चौकों पर निर्माण श्रमिकों को पंजीकृत करने का काम करेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** के श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने दिल्ली में निर्माण श्रमिकों के कल्याण और बेहतरी के लिए श्रम विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। मीटिंग का उद्देश्य सभी निर्माण श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए नई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत करना है। श्रम विभाग मोबाइल वैन के जरिए दिल्ली के सभी लेबर चौकों पर निर्माण श्रमिकों को पंजीकृत करने का काम करेगा। इन मोबाइल वैन्स के द्वारा निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे वे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली योजनाओं का लाभ ले सकें। श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने दिल्ली के निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दृष्टिकोण को साझा किया और कहा कि हम प्रतिबद्ध हैं कि हमारे निर्माण उद्योग के मेहनती पुरुष और महिलाओं को उनकी योग्यता के अनुसार सभी अधिकार प्राप्त हों। मोबाइल पंजीकरण वैन्स की शुरूआत करना इस दिशा में ठोस कदम होगा, क्योंकि इससे अधिक से अधिक कामगारों तक सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए जरूरी दस्तावेज पहुंचाएं जा सकेंगे। इसके अलावा, श्रम मंत्री ने कहा कि जल्द ही दिल्ली के निर्माण श्रमिकों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

इसकी शुरूआत महीने के अंत में करने की योजना है। इस योजना से निर्माण श्रमिकों को उनके कौशल में सुधार करने के अवसर मिलेंगे, जिससे उनके रोजगार की संभावनाओं के लिए नए मार्ग खुलेंगे। श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने जागरूकता और संचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के निर्माण चौकों पर सूचना पत्र वितरित करने की शुरूआत होगी जिसमें सभी महत्वपूर्ण जानकारियां होंगी।





### 'दिल्ली की समग्र बिजली मांग को स्थिर करने में मदद मिलेगी'

**बिजली** मंत्री ने कहा कि, "माना जाता है कि यदि कोई उपभोक्ता बिजली की एक यूनिट की बचत करता है, वो बिजली संयंत्र में उत्पादित 2 यूनिट के बराबर होता है। ऐसे में इन ऑडिट से प्राप्त ऊर्जा-बचत उपायों से दिल्ली की समग्र बिजली मांग को स्थिर करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एनर्जी ऑडिट से न केवल दिल्ली भर में भवनों में ऊर्जा की खपत को कम करने के तरीकों का पता चलेगा बल्कि इससे वित्तीय बोझ भी कम होगा। साथ ही, यह पहल उत्सर्जन को कम करने में मददगार साबित होगा।" बता दें कि, दिल्ली में स्ट्रीट लाइटों के लिए भी एनर्जी ऑडिट करवाया जाएगा। वर्तमान में, दिल्ली में स्ट्रीटलाइट का रखरखाव मुख्य रूप से एमसीडी, एनडीएमसी और पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाता है। जहां विभाग अपनी स्ट्रीट लाइटों को कम बिजली की खपत वाले एलईडी स्ट्रीट लाइटों से बदल रहे है। बिजली मंत्री ने साझा किया कि एनर्जी ऑडिट, ऊर्जा संरक्षण और दक्षता के प्रति केजरीवाल सरकार का सक्रिय रुख को दिखाता है। इसके जरिए उन गैर-जरूरी स्थानों की पहचान कर जहां बिजली का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, वहाँ बिजली के बचत के प्रभावी उपायों को लागू करने जैसी ये पहल ज़िम्मेदार गवर्नेंस का उदाहरण तो है ही साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

## एनर्जी ऑडिट के लिए दिल्ली सरकार जल्द जारी करेगी नोटिफिकेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बिजली** की खपत कम करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार अपनी इमारतों, कार्यालयों और स्ट्रीटलाइट्स का 'एनर्जी ऑडिट' करवाएगी। इस एनर्जी ऑडिट का उद्देश्य बिजली के अधिक इस्तेमाल करने वाले स्थानों का पता लगाना और वहाँ स्मार्ट तरीकों से बिजली की खपत को कम करने की रणनीति तैयार करना है। साथ ही सरकारी भवनों के साथ-साथ, सभी वाणिज्यिक मॉल, प्लाजा, अस्पताल, संस्थागत भवन, बहुमंजिला और ऊंची गैर-घरेलू इमारतें, उद्योग आदि जिसमें स्वीकृत भार 500 किलोवाट और उससे अधिक है, को भी बीईई के नियमों के अनुसार अपना विस्तृत एनर्जी ऑडिट कराना होगा। इस बाबत सरकार द्वारा जल्द ही एक नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके अनुसार सभी मौजूदा और नए वाणिज्यिक मॉल, प्लाजा, अस्पताल, मल्टी-स्टोरी और हाई राइज गैर-घरेलू इमारतें, उद्योग, सरकारी,बोर्ड या निगम के स्वामित्व वाली इमारतें, जल आपूर्ति विभाग की इमारतें (ऊर्जा संरक्षण अधिनियम,2001 में नामित उपभोक्ता के अतिरिक्त) जिनका स्वीकृत लोड 500 किलोवाट या उससे अधिक है। इन्हें बोर्ड ऑफ एनर्जी एफि शिएन्सी (बीईई) द्वारा प्रमाणित एनर्जी ऑडिटर द्वारा अनिवार्य विस्तृत एनर्जी ऑडिट करवाना होगा। इन सभी उपभोक्ताओं को नोटिफिकेशन के 6 माह के भीतर एनर्जी ऑडिट करवाना होगा। साथ ही सभी को तीन साल में एक बार एनर्जी ऑडिट करवाना अनिवार्य होगा और ऑडिट रिपोर्ट की सिफारिशों को अमल में लाना होगा। राजधानी भर में सरकारी भवनों, स्ट्रीटलाइट्स और 500 किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत लोड वाले भवनों के एनर्जी ऑडिट के विषय में साझा करते हुए ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा, "केजरीवाल सरकार बिजली की हर यूनिट के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा उन सभी भवनों/स्थानों का एनर्जी ऑडिट करवाया जाएगा जहां बिजली की खपत 500 किलोवॉट से ज्यादा है।

उन्होंने कहा कि, इस प्रक्रिया में बिजली के सभी उपकरणों और उनकी वास्तविक ऊर्जा खपत को मापना, उसका आवश्यक अनुमानित न्यूनतम ऊर्जा के साथ तुलना करना और फिर बिजली की बचत के लिए आर्थिक और तकनीकी रूप से जरूरी तरीकों की पहचान करना शामिल है।" उन्होंने आगे कहा कि, एनर्जी ऑडिट से बिजली का दक्षतापूर्ण प्रयोग के लिए भी सुझाव मिलेगा जिसके परिणामस्वरूप बिजली और पैसे दोनों की बचत होगी।

## जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में खत्म होगा सर्जरी का इंतजार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पश्चिमी दिल्ली** स्थित जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में सर्जरी के लिए इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। अस्पताल में रोजाना 1500 से अधिक मरीज आते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे मरीज होते हैं जिन्हें स्पेशलाइज्ड सर्जरी की जरूरत होती है। लेकिन विभागों में सर्जन न होने के कारण इन्हें जीबी पंत सहित अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। फिलहाल जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के सीटीवीएस विभाग में एक सर्जन है। जो केवल माइनर ओटी की सेवाएं दे रहे हैं। यह दिल्ली सरकार का दूसरा सबसे बड़ा स्पेशलाइज्ड सेवाएं देने वाला अस्पताल है। इसके अलावा जीबी पंत में स्पेशलाइज्ड विभाग की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। विशेषज्ञों की मानें तो दिल्ली में हृदय, मूत्र, किडनी और न्यूरो संबंधित विभाग के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस बारे में अस्पताल में वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग विभागों में करीब 20 सर्जनों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रयास है कि जल्द ही अस्पताल को सर्जन मिल जाए। सीटीवीएस, यूरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी और न्यूरो सर्जरी विभाग में 5-5 सर्जन आने के बाद यहां सर्जरी की संख्या तेजी से बढ़ सकेगी। अभी सर्जरी के लिए मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जाता है।

**मिल रही है डायलिसिस की सुविधा:** अस्पताल में डायलिसिस के लिए 30 बेड की सुविधा उपलब्ध है। यह दिल्ली सरकार का पश्चिमी दिल्ली में सबसे बड़ा केंद्र है। इस केंद्र की मदद से गरीब लोगों को मुफ्त सुविधा उपलब्ध होती है। किडनी रोग विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि एक मरीज के डायलिसिस में तीन से चार घंटे का समय लगता है। अस्पताल में हर साल 15 हजार से अधिक लोगों की डायलिसिस होती हैं।

**दवाइयों से उपचार:** अस्पताल की ओपीडी में आ रहे मरीजों को अभी दवाइयों से उपचार की सुविधा दी जा रही है। अस्पताल में रोजाना आने वाले करीब 1500 मरीजों की ओपीडी में करीब 80 से 85 फीसदी मरीज फॉलोअप मरीज होते हैं।

### उपलब्ध है कैथ लैब की सुविधा

**अस्पताल** में एडवांस सुविधाओं के लैस कैथ लैब की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर रोजाना औसतन 6 से 7 परीक्षण किए जाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि कैथ लैब वह जगह है जहां एब्लेशन, एंजियोग्राम, एंजियोप्लास्टी और पेसमेकर/आईसीडी के प्रत्यारोपण सहित परीक्षण और प्रक्रियाएं की जाती हैं। एक कैथ लैब में विभिन्न विशेषज्ञों की एक टीम होती है, इसका नेतृत्व हृदय रोग विशेषज्ञ करता है।

## सेवा पखवाड़ा के दौरान देशभर के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में चलेगा स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा के दौरान देशभर के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा कि 'आयुष्मान भव' अभियान की शुरूआत की गई। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत देश भर के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'अंत्योदय' के सिद्धांत के आधार पर इस अभियान के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान हर किसी तक उत्तम स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा। आयुष्मान भव अभियान में 1 लाख 60 हजार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सीएचसी पर साप्ताहिक आयुष्मान मेलों का आयोजन किया जाएगा। इसमें गैर संचारी रोगों के लिए स्क्रीनिंग, टेली-कंसल्टेशन, मुफ़्त दवा एवं डायग्नॉस्टिक आदि से जनता को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रपति 'आयुष्मान भव अभियान' की शुरूआत की है, जिसमें तीन अलग-अलग अभियान चलाए जाएंगे। इसके तहत आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला और आयुष्मान गांधी के साथ-साथ आयुष्मान सभा का भी आयोजन किया जाएगा।




**स्वास्थ्य सुविधा**

**'इस अभियान के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान हर किसी तक उत्तम स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए काम किया जाएगा**

## सीबीआई ने रेलवे अधिकारी के ठिकानों से 2.61 करोड़ बरामद किए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के गोरखपुर और नोएडा स्थित ठिकानों पर छापेमारी के दौरान 2.61 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। जांच एजेंसी को इस दौरान कुछ संदिग्ध दस्तावेज भी मिले। सीबीआई के मुताबिक पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी को तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए मंगलवार को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया था। उसके गोरखपुर और नोएडा स्थित ठिकानों से करीब 2.61 करोड़ रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। आरोपित को लखनऊ स्थित स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई के मुताबिक रेलवे के 1988 बैच के अधिकारी प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की थी और उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

## यूपीएससी के रिजल्ट से पहले आंसर शीट जारी करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने यूपीएससी 2023 का अंतिम रिजल्ट घोषित होने के पहले प्रिलिम्स परीक्षा की आंसर शीट जारी करने की मांग पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह की बेंच ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी। यह याचिका 17 सिविल सेवा अभ्यर्थियों ने दायर की थी। याचिका में प्रिलिम्स परीक्षा को रद्द करने और उसे दोबारा आयोजित करने की मांग की गई थी, लेकिन बाद में वो मांग हटा दी गई और अंतिम परिणाम घोषित होने से पहले आंसर शीट के प्रकाशन की मांग तक सीमित रही। कोर्ट ने कहा कि जो याचिकाकर्ता प्रिलिम्स में उत्तीर्ण नहीं हो सके, वे परीक्षा प्रक्रिया को चुनौती नहीं दे रहे थे, बल्कि प्रक्रिया पूरी होने से पहले केवल आंसर शीट जारी करने का आग्रह कर रहे थे। कोर्ट ने साफ किया कि केवल आंसर शीट जारी करने की मांग करना भर्ती प्रक्रिया में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।




**सुनवाई होगी**

**याचिका में प्रिलिम्स परीक्षा को रद्द करने और उसे दोबारा आयोजित करने की मांग की गई थी**

## आवारा कुत्तों छोड़ते समय करना होगा नियमों का पालन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उच्च** न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम को जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में लावारिस कुत्तों को पकड़ने और छोड़ने में पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 (एबीसी नियम) का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायाधीश संजीव नरूला की खंडपीठ ने एमसीडी अधिकारियों को एबीसी नियमों के तहत निर्धारित सभी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश एक जनहित याचिका पर पारित किया गया है। जिसमें स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और पिछले सप्ताह के जी20 शिखर सम्मेलन जैसे विशेष आयोजनों के दौरान कुत्तों को पकड़ने और बाद में छोड़ने में एमसीडी द्वारा अपनाई गई व्यवस्था के बारे में चिंता जताई गई। अदालत को बताया गया कि एबीसी नियमों के अनुसार, कुत्तों को पकड़ने के तुरंत बाद नंबर वाले कॉलर से उनकी पहचान की जानी चाहिए ताकि उचित रिकॉर्ड बनाए रखा जा सके। ये रिकॉर्ड बाद में उसी इलाके में उनकी रिहाई की सुविधा प्रदान करेंगे।



**आदेश**

**कुत्तों को पकड़ने और बाद में छोड़ने में एमसीडी द्वारा अपनाई गई व्यवस्था के बारे में चिंता जताई गई**

## युवक ने वीडियो बनाकर की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर**-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में एक युवक ने मोबाइल पर वीडियो बनाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की शिनाख्त नीरज कुमार मौर्य (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने छानबीन के दौरान नीरज का मोबाइल अनलॉक किया तो उसकी मौत की वजहों का खुलासा हो गया। नीरज ने अपनी मौत के लिए अपनी मंगेतर और उसके परिवार को जिम्मेदार ठहराया था।

पुलिस ने नीरज की मां से लिखित में शिकायत लेकर उसकी मंगेतर व परिजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। नीरज के परिजनों का आरोप है कि उसकी मंगेतर के परिवार ने शादी से पहले इतनी शर्तें रख दी कि वह बर्दाश्त नहीं कर पाया और उसने मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने नीरज के मोबाइल के अलावा घर से कई अन्य चीजें अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही नीरज की मंगेतर प्राची और उसके परिवार को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस दिया जाएगा। जाफराबाद थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से अयोध्या, यूपी का रहने वाला नीरज अपनी मां विमला देवी के साथ गली नंबर-7, मौजपुर, दिल्ली में रहता था। इसके पिता की मौत हो चुकी है। बड़ा भाई मनोज और बहन पिंकी अपने-अपने परिवारों के साथ अलग रहते हैं। नीरज एक निजी फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। करीब दो साल पूर्व नीरज की मुलाकात एक शादी में कानपुर, यूपी निवासी प्रीति मौर्य से हुई थी। दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। प्रीति नीरज की दूर की रिश्तेदार भी लगती थी। परिजनों की सहमति से 22 अप्रैल, 2023 को दोनों की दिल्ली में सगाई हो गई। प्रीति रेलवे में नौकरी करती है, फिलहाल उसकी तैनाती प्रयागराज में है। वह वहीं रेलवे क्वार्टर में परिवार के साथ रहती है। नीरज की मां विमला ने आरोप लगाया कि सगाई के बाद प्रीति और उसके परिजनों ने उस पर इतनी शर्तें लगा दीं कि वह परेशान हो गया। यहां तक प्रीति ने शादी के बाद नीरज की मां को भी साथ रखने से मना कर दिया। इस बात से आहत होकर 24 अगस्त को सुबह 8.30 बजे नीरज ने दिल्ली के अपने घर पर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने नीरज का मोबाइल व बाकी सामान कब्जे में लेकर जांच शुरू की।



**खुलासा**

**नीरज ने अपनी मौत के लिए अपनी मंगेतर और उसके परिवार को जिम्मेदार ठहराया था**

**सख्ती की जरूरत**

### जेल में निगरानी बढ़ने के बाद कैदी अपने परिवार वालों और मुलाकाती के जरिए जेल में सामान लाने की कोशिश कर रहे

## कपड़े-आधार कार्ड में छिपाकर कैदी तिहाड़ में ला रहे मादक पदार्थ और सिम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**तिहाड़** जेल में मादक द्रव्य, मोबाइल और सिम लाने पर पाबंदी के बावजूद कैदियों के मुलाकाती नए तरीके अपनाकर कैदियों तक सामान को पहुंचा रहे हैं। कभी पैंट, कभी पजामा तो कभी आधार कार्ड में सिम डालकर कैदियों तक पहुंचाई जा रही है। पहले जेल की दीवारों के ऊपर से जेल परिसर में इन चीजों को फेंका जाता था, लेकिन जेल परिसर में जाली लगा दिए जाने के बाद ऐसी वारदातों में कमी आई है। जेल अधिकारियों का कहना है कि जेल में निगरानी बढ़ने के बाद कैदी अपने परिवार वालों और मुलाकाती के जरिए जेल में सामान लाने की कोशिश कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले जहां तिहाड़ जेल में एक महिला ने पजामा में स्मैक का पुड़िया डालकर कैदी तक पहुंचाने की कोशिश की, वहीं करीब तीन माह पहले रोहिणी जेल में एक महिला ने पैंट में सिम डालकर अपने बेटों को देने की कोशिश की। जेल अधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों का कहना है कि जेल में बंद कैदी पहले अपने साथियों की मदद से जेल परिसर में नशे का सामान व अन्य चीजें मंगवाते थे। बाहर मौजूद कैदियों के परिचित इन चीजों को टेनिस बॉल में डालकर जेल परिसर में फेंक देते थे। कैदियों की इन हरकतों की जानकारी मिलने के बाद जेल प्रशासन ने जेल संख्या 8 और 9 के जेल परिसर में जाल लगवा दिया। इससे उनके फेंके हुए सामान जाल में ही अटक जाते थे। रोक लगने के बाद कैदी अब मुलाकाती के जरिए प्रतिबंधित सामानों को जेल के भीतर लाने की कोशिश कर रहे हैं। नया मामला मंगलवार को जेल नंबर तीन में सामने आया है। जहां एक कैदी से मिलने के लिए उसका परिचित आया था। परिचित ने कैदी को उसका आधार कार्ड दिया। कार्ड लेमिनेट था। ऊपर से किसी तरह का कोई संदिग्ध नजर नहीं आ रहा था। लेकिन जांच के दौरान कार्ड को अपने हाथ में लेने पर सुरक्षा कर्मियों को उसके भीतर कुछ होने का अहसास हुआ। उनलोगों ने कार्ड का लेमिनेशन हटाया तो उसके भीतर से एक सिम निकला। जेल अधिकारी ने तुरंत उसे अपने कब्जे में ले लिया और उस कैदी के खिलाफ नियम के मुताबिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**नशीले पदार्थ को जेल में बेचते भी हैं कैदी:** जेल सूत्रों का कहना है कि कैदी जेल के अंदर तंबाकू, स्मैक, चरस और बीड़ी ले जाते हैं। इसका वह खुद भी इस्तेमाल करते हैं और उसे अन्य कैदियों को बेचते हैं। सूत्रों का कहना है कि कैदी बोतल के ढक्कन के बराबर तंबाकू को जेल के भीतर पांच सौ रुपये में बेचते हैं वहीं चरस और गांजे वाली बीड़ी की कीमत चार सौ रुपये होती है। जिस मादक द्रव्य की कीमत ज्यादा होती है उसकी कम मात्रा की कीमत भी जेल में बाहर से दोगुना वसूली जाती है।

**तीन बार होती है कैदियों की तलाशी:** जेल अधिकारियों का कहना है कि जेल आने वाले कैदी की तीन बार तलाशी ली जाती है। जेल में आने के बाद ड्योढ़ी पर सबसे पहले कैदियों की तलाशी ली जाती है।

उसके बाद तमिलनाडु पुलिस कैदियों की तलाशी लेती है। शक होने पर जेल कर्मी कैदियों की तलाशी लेते हैं। जेल अधिकारियों का कहना है कि जेल महानिदेशक संजय बेनीवाल के कार्यभार संभालने के बाद से जेलों में लगातार छापेमारी की जा रही है।




**अवैध रूप से**

**बाहर मौजूद कैदियों के परिचित इन चीजों को टेनिस बॉल में डालकर जेल परिसर में फेंक देते थे**

## न्यूज फ्लैश

### एल्गी ने भारत में आरम्भ किया एयर अलर्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया के अग्रणी एयर कम्प्रेसर उत्पादकों में से एक, एल्गी एक्विपमेंट्स लिमिटेड ने एयर अलर्ट आरम्भ करने की घोषणा की। यह भारतीय बाजार के लिये आईओटी पर आधारित एक एयर कम्प्रेसर मॉनिटरिंग सिस्टम है। इसी साल जर्मनी के हनोवर मेसी में सफल लॉन्च के बाद एल्गी एयरस्नअलर्ट 24/7 स्मार्ट रिमोट मॉनिटरिंग और अलर्ट सिस्टम अब भारत में एल्गी के ग्राहकों को नये और मौजूदा इंस्टालेशंस के लिये उपलब्ध है। एयर अलर्ट डाटा प्रेषण एवं विश्लेषण की एक सेवा है, जो महत्वपूर्ण मापदण्डों पर नजर रखती है और यूजर्स को कारवाई के योग्य जानकारियाँ तथा अलर्ट्स भेजती है। इन परिज्ञान के द्वारा ग्राहक स्मार्ट निगरानी और एयर कम्प्रेसर परफॉरमेंस से सम्बंधित डेटा के द्वारा अपटाइम में सुधार दक्षता को अधिकतम कर सकते हैं। यह सेवा ग्राहकों को समय रहते करवाईकरने और संभावित खराबियों से बचने में भी सक्षम बनाती है। इसके अलावा, एयर अलर्ट एयर कम्प्रेसर की 24/7 रिमोट मॉनिटरिंग को सक्षम बनाता है। इसमें परिचालन के मापदण्डों पर रुझान के ग्राफ्स के साथ-साथ डिस्चार्ज प्रेशर, ऑइल टेम्परेचर, वेरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव (वीएफडी) स्पीड (प्रतिष्ठापन स्थल पर), चालू रहने के कुल घंटे, ट्रिप्स, और दुनिया में कहीं से भी दूरस्थ अभिगम्य लाइव ऑनलाइन इंटरफेस पर अलर्टस सहित परिचालन मानदंडों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। एयर अलर्ट ग्राहकों और एल्गी के चैनल पार्टनर्स को निर्धारित रख-रखाव एवं खराबियों के आने की सूचना भी देती है और आमतौर पर होने वाली खराबियों का पूर्वानुमान बताती है। प्राप्त होने वाले डाटा के आधार पर सर्विस की आने वाली जरूरतों और रोकथाम के लिये रख-रखाव समेत समग्र स्थिति तथा परिचालन मापदण्डों के मासिक सारांश रिपोर्ट भी ग्राहकों को भेजे जाते हैं। कम्प्रेसर कंट्रोलर से कम्प्रेसर्स का परिचालन एवं परफॉरमेंस डाटा, जो एन्क्रिप्टेड रूप में प्रेषित होता है एयरस्नअलर्ट द्वारा प्राप्त किया जाता है और क्लाउड में सुरक्षित तथा समर्पित एयरस्नअलर्ट सर्वर्स में भेजा जाता है। इसके बाद स्मार्ट अल्गोरिदम्स कारवाई के योग्य अलर्ट्स, रिपोर्ट्स और रुझान के साथ इंटेलिजेंट भविष्यवाणी के लिये डाटा पर काम करती हैं। इन्हें पढ़ने में आसान और कारवाई के योग्य डैशबोर्ड्स के रूप में सुरक्षित तरीके से ऑपरेटर्स को लौटाया जाता है। पूरी प्रक्रिया में, रख-रखाव की गतिविधियों की योजना बनाने में यूजर्स की मदद करने वाला स्मार्ट विश्लेषण प्रदान करने के लिये डाटा को संरचित और विश्लेषित किया जाता है, जिससे कम्प्रेसर की ऊर्जा क्षमता में सुधार होता है।

### जेसीबी इंडिया ने दिल्ली एनसीआर में अपनी नई डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स का उद्घाटन किया

**सोनीपत।** जेसीबी इंडिया लिमिटेड ने दिल्ली एनसीआर में अपनी नई डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स एलएलपी का उद्घाटन किया। यह नई उद्घाटित अत्याधुनिक सुविधा दिल्ली-एनसीआर में बेमिसाल ग्राहक अनुभव देने के लिए तैयार है। इस डीलरशिप का मुख्यालय फरीदाबाद में है। 40,000 वर्गफीट में बनी इस सुविधा में लगभग 160 कर्मचारी हैं जो बिक्री, सेवा एवं पार्ट्स की सेवाएं देने वाले कुशल पेशेवर हैं। इस फैसिलिटी में 5-बे इंटिग्रेटिड वर्कशॉप है, साथ ही दो मोबाइल सर्विस वैन, एक पार्ट्स वैन और एक लाइवलिंक कमांड सेंटर है जो सर्वश्रेष्ठ ग्राहक अनुभव एवं सहयोग सुनिश्चित करता है। जेसीबी इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक श्री दीपक शेट्टी ने कहा, दिल्ली एनसीआर में विश्व स्तरीय डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स का उद्घाटन करते हुए हम बहुत खुश हैं। यह नई डीलरशिप हमारे ग्राहकों के लिए जेसीबी उत्पादों के मालिकाना अनुभव को बेहतर बनाएगी। अपने ग्राहक-केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ पास्को अर्थमूवर्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर अपना फोकस जारी रखे हुए हैं और हमारे ग्राहक व हमारी मशीनें एक नए भारत के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। इस डीलरशिप के आउटलेट पलवल, सोनीपत, कश्मिरी गेट और नांगली पूना (पश्चिम दिल्ली) में हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए हर 100 किलोमीटर पर इसके पार्ट्स एवं सर्विस आउटलेट हैं। इसे जेसीबी की कॉर्पोरेट पहचान दिशानिर्देशों के अनुसार बनाया गया है और यह जेसीबी मानकीकृत प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं से लैस है।

### टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ट्रक उत्सव

**गुरुग्राम।** भारत में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, टाटा मोटर्स ने ट्रक उत्सव के लॉन्च की घोषणा की है, जोकि ग्राहकों से जुड़ने की एक अनूठी पहल है। ट्रक उत्सव की मदद से कंपनी अपने नये वाहनों और परिवहन समाधानों पर जागरूकता बढ़ाना चाहती है और अनूठी मूल्य-वर्द्धित सेवाओं वाले, अभिनव एवं टेक्नोलॉजी के मामले में अत्याधुनिक ट्रक प्रदर्शित करना चाहती है। टाटा मोटर्स ने श्रेणी में अग्रणी नये एलपीटी 1916 का अनावरण भी किया है, जिसे ग्राहकों के मुनाफे के मामले में नये मापदण्ड स्थापित करने के लिये इंजीनियर किया गया है। ट्रक उत्सव के माध्यम से ग्राहकों को टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक परिवहन समाधानों का फायदा मिलेगा, जिन्हें उनकी खास जरूरतों के अनुसार बनाया गया है और ग्राहकों को वाहन की आसान एवं सुविधाजनक फाइनेंसिंग के लिये फाइनेंसिंग पार्टनर्स से मिलने का मौका भी मिलेगा। ट्रक उत्सव दिल्ली, फरीदाबाद, गुरुग्राम, बेंगलुरु, जयपुर और चेन्नई, आदि शहरों में आयोजित होगा।

# मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल ने किया नेहरू कप हॉकी के लिए क्वालीफाई

## 300 नेशनल पार्टिसिपेशन का इस साल में लक्ष्य : कर्नल मोर

**टीम एक्शन इंडिया/राई राजस्थान में** चल रही अंडर 15 हॉकी प्रतियोगिता में खेल स्कूल राई ने एल के सिंघानिया की टीम को 3-1 के अंतर से मात देकर नेहरू कप में अपनी जगह बनाई। राजस्थान के एल के सिंघानई स्कूल में 6 से 9 सितंबर तक अखिल भारतीय पब्लिक स्कूल कांफ्रेंस के स्कूलों के बीच नेहरू कप के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश भर से सात टीमों ने हिस्सा लिया। खेल स्कूल राई की टीम ने शुरूआती मैच से ही अपने आक्रामक तेवर दिखाते हुए मॉडर्न स्कूल की टीम को 14-0 से मात दी और निरंतर इसी जज्बे के साथ फाइनल ट्रॉफी को अपने नाम किया। हॉकी प्रशिक्षक अण्टाल ने बताया की इस बार बच्चों ने अथक प्रयास किया था जिसका परिणाम उनके सामने है। अण्टाल ने बताया की वर्चुअल माध्यम से कर्नल मोर निरंतर टीम के साथ बने हुए थे। जवाहरलाल नेहरू टूनामेंट हॉकी से संबंधित है, जिसका आयोजन जवाहरलाल नेहरू हॉकी टूनामेंट सोसाइटी द्वारा किया जाता है । खेल जगत में यह टूनामेंट नेशनल लेवल पर अपनी जगह रखता है। विजेता टीम के खेल स्कूल लौटने पर प्रधानाचार्य व निदेशक कर्नल मोर ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। ज्ञात हो पिछले वर्ष खेल स्कूल राई से अकेले नेशनल में 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कर्नल मोर ने बताया कि अब की बार खेल स्कूल राई ने अपना लक्ष्य बड़ा कर दिया है और उन्हें उम्मीद है की इस वर्ष अकेले राई खेल स्कूल कम से कम 300 प्रतिभागी नेशनल्स के मैदान में उतारेगा।



**जीत दर्ज की**

▶▶ खेल स्कूल राई की टीम ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए मॉडर्न स्कूल की टीम को 14-0 से मात दी

## स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के दृष्टिकोण के साथ आयुष्मान भव अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने कहा कि सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के दृष्टिकोण के साथ आयुष्मान भव अभियान शुरू किया है। नागरिक स्वस्थ रहेंगे तो देश में समृद्धि भी बढ़ेगी। उपायुक्त आज सभागार भवन में आयुष्मान भव अभियान की लांचिंग के मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने इस मौके पर मृत्यु के उपरांत देहदान करने की घोषणा की। राष्ट्रीय स्तर पर देश की राष्ट्रपति तथा राज्य स्तर पर हरियाणा के राज्यपाल ने इस अभियान को वर्चुअल माध्यम से लॉन्च किया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का जिला स्तर, खंड स्तर तथा पीएचसी/सीएचसी स्तर पर सीधा प्रसारण करने की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि इस अभियान के तहत 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया जाएगा जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान विशेषकर स्वच्छता, देह दान तथा रक्तदान पर फोकस रहेगा। इसके अलावा 13 सितंबर से 31 दिसंबर तक साप्ताहिक आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा अंगदान शपथ की ऑनलाइन प्रक्रिया बताने का कार्यक्रम चलाया जाएगा। प्रत्येक शनिवार को इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक लाभार्थी की चोखट तक जाकर चिरायु आयुष्मान कार्ड वितरण की योजना रहेगी।

## राजकुमार शर्मा फाउंडेशन व दृष्टि सेवा समिति ने शिविर में 250 लोगों की आंखों की जांच करवाई

**टीम एक्शन इंडिया/राई। राजकुमार शर्मा फाउंडेशन** व दृष्टि सेवा समिति द्वारा गांव पतला में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 250 से अधिक लोगो की जांच की गई। जिसमें 36 लोग आंखों के आप्रेशन के योग्य पाए गए। समाजसेवी प्रतीक राजकुमार शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन हलके के गांवों में निशुल्क नेत्रदान शिविर आयोजित कर जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रही है। शिविर जो लोग आप्रेशन के योग्य मिलते है। उनका दिल्ली में निशुल्क आप्रेशन करवाया जाता है और आने जाने की सुविधा दी जाती हे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा संस्था दिव्यांग को ट्राई साईकिल वितरित करने के साथ अन्य कार्य कर रही है। गांव के सुंदर सिंह, खुशी फोटोग्राफर,देवेंद्र चौहान, किरणपाल चौहान, महाबीर, ओमपाल, ओमप्रकाश, रतन सिंह, बाल किशन, दयानंद, तेजपाल, हुकुमदीन, बीरेन्द्र, श्याम, मुकेश चौहान, प्रकाश आदि मौजूद रहे।



## उदित राज बने नवयुग तरूण मंडल के प्रदेश महासचिव

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** आज नवयुग तरूण मंडल की एक मिटिंग में नए सदस्यों को नवयुग तरूण मंडल की जिम्मेदारी सौपी गई इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम कौशिक ने प्रदेश महासचिव उदित राज को नियुक्ति पत्र सौपा` इस अवसर पर शुभम कौशिक ने कहा कि उदित राज पिछले लम्बे समय से संगठन में सामाजिक कार्य कर रहे हैं, इस जिम्मेदारी से पहले वे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के संयोजक का कार्यभार संभाल चुके हैं इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश महासचिव उदित राज ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसका कर्तव्य निष्ठा से साथ पालन करूँगा, एवं संस्था के संस्थापक स्वर्गीय सचिन कौशिक के विचारों को जन जन तक पहुचाने का कार्य करेंगें।

## स्कूली वाहनों की हुई चेकिंग, 7 स्कूल बसों की काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सुरक्षित वाहन** पालिसी के तहत स्कूली छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम डा. निर्मल नागर व मोटर व्हीकल अधिकारी गुरप्रीत सिंह संधु ने स्कूली वाहनों की जांच की। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ निजी स्कूल बसों की चेकिंग की और कुल 7 स्कूल बसों के चालान काटे। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि स्कूल वाहन पालिसी की अनुपालना को सनिश्चित करने के लिए गन्नौर में स्कूल बसों की चेकिंग की गई है। चेकिंग के दौरान बस चालकों व कंडक्टरों की नेम प्लेट गायब मिली व मेडिकल किट नही मिली। जिसके चलते सात स्कूल बसों के मौके पर ही चालान कर दिए गए। इस मौके पर उनके साथ बीआरसी आजाद सिंह, कानूनगो धर्मबीर व पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।



## अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने के लिए एसडीएम ने लिया कड़ा संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। एसडीएम कार्यालय** में बुधवार को एसडीएम निर्मल नागर व जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में शहर में कट रही अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी शहर में कट रही अवैध कालोनियों का सर्वे कर एसडीएम व जिला नगर योजनाकार विभाग को रिपोर्ट देगी। एसडीएम निर्मल नागर ने कहा कि अवैध कालोनी काटने वालों पर सख्ताई से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि टीम शहर में सर्वे कर प्रतिदिन उन्हें रिपोर्ट देगी।



प्रशासन व जिला नगर योजनाकार विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए अवैध कालोनाइजर अब बिना गलियों के निर्माण के नक्शों में प्लाट काट रहे है। उन्होंने चेताया कि अगर इस तरह की कोई सूचना मिलती है तो ऐसे कालोनी काटने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जाएगा।

**गन्नौर क्षेत्र में धड़ल्ले से काटी जा रही है कालोनियां**

- प्रशासन को सूचना मिली थी कि शहर के बेगा रोड, सनपेड़ा रोड़, बादशाही रोड, बांय रोड, सोनीपत रोड, लल्हेड़ी रोड पर अवैध कालोनी काटने का कार्य चल रहा है।

प्रशासन की नजरों से बचने के लिए अब डीलरों ने नया तरीका अपना लिया है। वे बिना गली व किसी तरह के निर्माण के नक शा बनाकर प्लाट काट देते है। अब प्रशासन ऐसे डीलरों पर शिकंजा कसेगा।

**अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन सख्त : एसडीएम**

एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि अवैध कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन सख्त है। जिला नगर योजनाकार विभाग को ऐसी कालोनी चयनित करने के आदेश दिए है।

## इदानिम ने मेडिटेशन (ध्यान) को सभी के लिए आसान बनाने के लिए अपने ऐप में हिंदी भाषा को लॉन्च किया



**नई दिल्ली:** हिंदी दिवस के अवसर पर, इदानिम ने मेडिटेशन (ध्यान) को सभी के लिए आसान बनाने के लिए अपने ऐप में हिंदी भाषा को लॉन्च किया है। 2022 में लॉन्च किए गए, इदानिम ने अंग्रेजी में 40+ श्रेणियों में 1000+ मेडिटेशन की पेशकश की थी। हालाँकि, ऐप पर सबसे अधिक अनुरोधित सुविधाओं में से एक हिंदी में मेडिटेशन है। समावेशिता और पहुंच के प्रति ऐप की प्रतिबद्धता का जश्न मनाने के लिए, इदानिम ने अपनी सबसे लोकप्रिय श्रेणियों में हिंदी में नए मेडिटेशन लॉन्च करने का निर्णय लिया है। ये निर्देशित ध्यान व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली विभिन्न प्रकार की चुनौतियों जैसे तनाव, अनिद्रा, ध्यान की कमी, क्रोध और बहुत कुछ का समाधान करते हैं। इदानिम के सह-संस्थापक रमन मित्तल ने कहा "भारत अपनी आध्यात्मिक विरासत के लिए जाना जाता है और लंबे समय से माइंडफुलनेस और ध्यान के अविश्वसनीय लाभों को मान्यता दी है। आज मेडिटेशन सामग्री की मांग बढ़ रही है जो भारतीय दर्शकों के साथ मेल खाती है। हमने इसे हमारे द्वारा प्राप्त उपयोगकर्ता प्रतिक्रिया में स्वयं देखा है ऐप में। इन जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए, हमने अपनी पेशकशों को तैयार किया है और हिंदी ध्यान की एक नई लाइब्रेरी शुरू करने के लिए हम रोमांचित हैं। इदानिम ने अनुभवी मेडिटेशन प्रशिक्षकों के साथ सहयोग किया है जो भारत की सांस्कृतिक बारीकियों और आध्यात्मिक परंपराओं को समझते हैं, जिससे एक प्रामाणिक ध्यान अनुभव सुनिश्चित होता है।

## 'पर्युषण महापर्व में जप-तप के साथ वैचारिक शुद्धि को भी महत्व दें'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**श्री एस एस** जैन सभा मंडी सोनीपत के तत्वाधान में चातुर्मास हेतु विराजमान ओजस्वी वक्ता गुरुदेव श्री रमेश मुनि जी महाराज प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज तपस्वी श्री मुदित मुनि जी महाराज पर्युषण महापर्व पर प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए श्री रमेश मुनि जी महाराज ने कहा कि भारत देश त्योहारों व पर्वों का देश है, भारत में एक किवदंती प्रसिद्ध है कि यदि 7 वार है तो 9 त्योहार हैं शेष सभी पर्वों को पर्व ही कहा जाता है, किंतु पर्युषण महापर्व के नाम से प्रसिद्ध है क्योंकि सभी पर्वों में बा वेशभूषा खान-पान व साज सज्जा को महत्व दिया जाता है, मात्र पर्युषण महापर्व ही ऐसा त्यौहार है जिसमें सबसे अधिक आंतरिक व वैचारिक शुद्ध को महत्व दिया गया है उन्होंने कहा कि पर्युषण महापर्व के आठ दिवस मानसिक व वैचारिक शुद्धता का अभ्यास किया जाता है।

## गढ़ी कला सरपंच के मामले में रोहतक मंडल आयुक्त ने किया निवर्तमान उपायुक्त के आदेशों को अपास्त

**गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के मामले में निवर्तमान उपायुक्त ने सरपंच को किया था पदमुक्त**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गलत जाति** प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के मामले में गढ़ी कला के सरपंच के खिलाफ निवर्तमान उपायुक्त के आदेशों को रोहतक मंडल आयुक्त की अदालत ने अपास्त कर दिया है। निवर्तमान उपायुक्त ने गढ़ी कला गांव के सरपंच राकेश कुमार को पदमुक्त कर दिया था। निवर्तमान उपायुक्त ललित सिवाच के आदेश जारी करने के बाद राकेश कुमार ने 10 मार्च को रोहतक मंडल आयुक्त की अदालत में अपील की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए रोहतक मंडल आयुक्त ने उपायुक्त द्वारा सरपंच को पदमुक्त करने के आदेश पर रोक लगा दी थी। अब रोहतक मंडल आयुक्त ने निवर्तमान उपायुक्त द्वारा सरपंच को पदमुक्त किये जाने को फैसले को अनुचित ठहराते हुए निवर्तमान उपायुक्त के आदेश को पास्त कर दिया है। रोहतक मंडल आयुक्त की अदालत के फैसले के बाद अब अपीलकर्ता राकेश कुमार गढ़ी कला के सरपंच बने रहेंगे।

**यह था मामला**

**गढ़ी** कला गांव के दीपक ने गांव के सरपंच राकेश कुमार पर फर्जी अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र तैयार करवा कर चुनाव लड़ने का आरोप लगाने की शिकायत दी गई थी। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत के साथ राकेश कुमार के हिंदू राजपूत होने के प्रमाण भी संलग्न कर उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसके निर्वाचन को निरस्त करने की मांग की थी।

# नवीन ने जसौर खेड़ी गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़। भारतीय जनता** पार्टी जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर समाज के सभी वर्गों का भला करके सबका साथ- सबका विकास व सबका विश्वास की नीति को धरातल पर साकार करने का काम कर रही है। हरियाणा व केंद्र की भाजपा सरकार से प्रदेश व देश का सभी वर्ग खुश है। यह बात भाजयुमो जिलाध्यक्ष एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य नवीन बंटी ने जनसंपर्क अभियान के तहत हलके के गांव जसौर खेड़ी की चौपाल में युवाओं को भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कही। गांव की चौपाल में पहुंचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी का युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर युवाओं से बातचीत करते हुए नवीन बंटी ने कहा कि युवा देश का भविष्य है और इसी बात पर फोकस करते हुए हरियाणा व केंद्र की भाजपा सरकार युवाओं के हित में आगे बढकर काम कर रही है। भाजपा सरकार से पहले जिस हरियाणा में पर्ची व खर्ची के कारण सरकारी नौकरियों की नीलामी होती थी उसी हरियाणा प्रदेश में पिछले 9 साल से युवा अपनी मेहनत की बदौलत मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरी पर चयनित हो रहे हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार पूरी तरह से पारदर्शिता से काम करते हुए युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है, जिससे प्रदेश का युवा वर्ग भाजपा सरकार से पूरी तरह से खुश है। नवीन बंटी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के कुशल नेतृत्व में एक मजबूत व विशाल संगठन बना हुआ है। संगठन से जुड़े लाखों कार्यकर्ता हरियाणा में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनाने के साथ केंद्र की सरकार बनाने के लिए हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नवीन बंटी ने कहा कि इसी सप्ताह दिल्ली में हुए जी 20 सम्मेलन की सफलता से भारत की पूरे विश्व में धाक जमी है।



## जीएमएफ-अरिहंत हॉस्पिटल ने सभी समुदायों और सभी धर्मों के लिए लगाया पैन इंडिया हेल्थकेयर लंगर सेवा

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना।** ग्लोबल मिडास फाउंडेशन (जीएमएफ), दिल्ली स्थित एक सामाजिक संगठन, पिछले 3 वर्षों से "सरबत दा भला" और "चरदी कला" के सिखी मूल्यों और विचारधारा के आधार पर पंथ और संगत सेवा कर रहा है। यह हेल्थकेयर लंगर के हिस्से के रूप में है सेवा ने धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों, निवासी कल्याण संघों, बाजार कल्याण संघों, शैक्षणिक संस्थानों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से पिछले 3 वर्षों के संचालन में दिल्ली और पंजाब भर में कई मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर आयोजित किए हैं। जीएमएफ के संस्थापक सरदार इंदर प्रीत सिंह ने कहा कि उन्होंने अब जीएमएफ और अरिहंत अस्पताल द्वारा संयुक्त रूप से मुफ्त हेल्थकेयर कार्ड पेश किया है, जो पूरे भारत में सभी समुदायों और सभी धर्मों के लोगों और एनआरआई के लिए हेल्थकेयर लंगर सेवा लाभ प्रदान करता है। इसके अलावा उन्होंने ग्लोबल मिडास फाउंडेशन (जीएमएफ) द्वारा अनुशंसित लोगों को रियायती दरों और समय पर परामर्श, परीक्षण, निदान, जांच, उपचार और सर्जरी प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं, डायग्नोस्टिक केंद्रों, नर्सिंग होम और अस्पतालों के साथ समझौता किया है। अब, उन्होंने अरिहंत अस्पताल, देहरादून से गठजोड़ किया है और उन्हें समर्थन मिला है, जो एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल है। जो नवीनतम अद्यतन अस्पताल सुविधाओं और सर्वोत्तम विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभवी डॉक्टरों और प्रबंधन टीम के साथ बहुत प्रतिष्ठित है।



# त्रीनगर: खाली पड़े डिवाइडर में होना था प्लांटेशन: भडाना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के वार्ड नंबर 61 और 62 स्थित मुख्य सड़क पर जाम की समस्या को खत्म करने के लिए दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग सात माह पहले डिवाइड़र बनाया गया था। जिसमें कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने तथा ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए पेड़-पौधे लगाए जाने थे, लेकिन सात माह बीत जाने के बाद भी पौधे नहीं लगाए गए हैं, जिसमें अब लोगों ने कूड़ा फेंकना शुरू कर दिया हैं।

समाजसेवी जयपाल भड़ाना ने बताया कि यहां पर 6-7 महिने पहले डिवाइडर बनाये गये थे, जिसमें पेड़-पौधे रोपे जाने थे, लेकिन विधायक की लापरवाही के चलते पेड़-पौधे नहीं रोपे गये। अब यह डिवाइडर कूड़ेदान में तब्दील हो रहे है।





आपकी जानकारी के लिए बतादें कि वार्ड 61 और वार्ड 62 में बना डिवाइ ड़र जो कि रानी बाग, ब्रिटानिया को जोड़ता हैं, तो वहीं दूसरी ओर से नेताजी सुभाष पैलेस की ओर जाता हैं, जिसमें कि संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते प्लांटेशन तो नहीं हो पाया हैं,बल्कि अब लोगों ने अपने घरों का व दुकान के आस-पास का कूड़ा खाली पड़े डिवाइड़र के बीच में फेंकना शुरू कर दिया हैं।

**क्या लाभ होता हैं डिवाइड़र में पेड़-पौधे लगाने का:** सड़कों के किनारे और बीचों-बीच लगे हरे-भरे पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को यहीं अवशोषित कर लेते हैं और लगातार ऑक्सीजन छोड़ते रहते हैं। आप जब भी कभी किसी हाईवे से गुजर रहे होते हैं तो देखते हैं कि सड़क के बीच में डिवाइडर बने हैं और उन पर ढ़ेर सारे पेड़ पौधे लगे हैं, लेकिन क्या कभी आपके मन में यह सवाल आया कि आखिर ऐसा क्यों होता है, क्या इन्हें प्रदूषण की वजह से डिवाइडर पर लगाया जाता है या फिर सिर्फ इसलिए लगाया जाता है कि यह देखने में सुंदर लगते हैं।



**इस मामले** में त्रीनगर क्षेत्र की विधायक प्रीति तोमर का कहना हैं कि खाली पड़े डिवाइड़र में मिट्टी डालने का काम शुरू कर दिया गया हैं, जो कि कुछ ही दिन में पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद डिवाइड़र में पेड़-पौधे लगाने का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा।

**ध्वनि प्रदूषण भी होता हैं कम:** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि पेड़ पौधों से भी ध्वनि प्रदूषण को कम किया जा सकता है, दरअसल सड़कों पर चलने वाली गाड़ियों से इतना ज्यादा ध्वनि प्रदूषण होता है कि अगर इनके अगल-बगल पेड़-पौधे ना हों तो यह आस-पास रहने वाले लोगों को बहरा कर दें, हाईवे के किनारे या फिर दीवारों के ऊपर लगे यह पेड़ पौधे शोर को अवशोषित करने का काम करते हैं जिसकी वजह से वहां ध्वनि प्रदूषण कम हो जाता है।

# नांगलोई: बच्चों को उनके घर के पास के स्कूलों में मिले दाखिला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पंचायत** संघ दिल्ली प्रदेश ने उपराज्यपाल से मांग की है कि दिल्ली पब्लिक स्कूलों में ईवीएस दाखिले की जांच करवायें ताकि गांवों के बच्चों को उनके गांव के पास बने स्कूलों में दाखिला मिल सके। वहीं पंचायत संघ का कहना है की ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया कहां तक ठीक हैं इसकी भी जांच होनी चाहिए। क्योंकि बड़ी कक्षा में दाखिले के लिए सभी अभिभावकों को जानकारी नहीं मिल पाती हैं, इसलिए ईवीएस के छात्र-छात्राओं के दाखिले की प्रक्रिया स्कूलों में अभिभावकों के सामने नियमानुसार होनी चाहिए, इसके साथ ही गांवों के बच्चों को इसमें प्राथमिकता मिले। पंचायत संघ प्रमुख थान सिहं यादव का कहना हैं कि अभी कक्षा 2 से ऊपर की कक्षाओं में जो ईवीएस की रिक्त सीटों पर दाखिले होने हैं उसमें गांव के बच्चो को सौ प्रतिशत दाखिले में आरक्षण मिले।



**मांग...**

**कृषि भूमि पर बने पब्लिक स्कूलों में दाखिला मिले इसके लिए दिल्ली सरकार नियम बना कर आदेश करें: यादव**

**गांव के बच्चों को मिले अच्छी शिक्षा:** यादव ने बताया कि बडे-बडे स्कूलों की फीस, विकास शुल्क व वार्षिक शुल्क अलग-अलग होती है यह भी जांच के दायरे में होना चाहिए। गांवों के किसानों की जमीन लेकर इनको सस्ते दामों पर दी गई है, लेकिन गांवों के निवासी अपने बच्चो को इन स्कूलों में पढ़ा भी नहीं पाते हैं। पंचायत संघ का कहना है कि गांवों के बच्चो की अच्छी शिक्षा मिले। इसलिए उनकी कृषि भूमि पर बने पब्लिक स्कूलों में दाखिला मिले इसके लिए दिल्ली सरकार नियम बना कर आदेश करें।

**सरकार धरने प्रदर्शन के लिए न करें मजबूर:** पंचायत संघ के सह-प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा है कि हमारे बच्चो को अच्छी शिक्षा मिले इसलिए दिल्ली सरकार हमारी इस मांग को गम्भीरता से ले, नहीं तो हम अपने हक के लिए धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

# दुनिया ने माना भारत का लोहा: आशीष मिश्रा

## जी-20 के सफल आयोजन पर दुनिया में बजा भारत का डंका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत ने** दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन का सफलतापूर्वक का आयोजन किया है, इसको लेकर विभिन्न देशों की ओर से भारत को बधाई मिल रही है। वहीं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के कोहाट वार्ड, वार्ड नंबर-61 में रहने वाले भाजपा के केशव पुरम जिला से जिला प्रवक्ता आशीष कुमार मिश्रा ने जी-20 के सफल आयोजन के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सभी देशवासियों को बधाई दी। इसी के साथ ही मिश्रा ने यह भी कहा कि भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विभाजित विश्व शक्तियों के बीच समझौता कराया, पीएम मोदी की बड़ी कूटनीतिक जीत।



**जी-20 से हमें क्या लाभ:** आशीष मिश्रा ने बताया कि भारत में आयोजित जी-20 से हमें तो पूरा लाभ मिलेगा ही बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी को भी अनेकों लाभ होने वालें हैं। इसके जरिए टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।
दुनिया के देशों में भारत के पर्यटन स्थलों की लोकप्रियता बढ़ेगी।
इसी के साथ ही मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को बढ़ावा भी मिल सकता हैं, जिससे कि दुनियाभर के देशों के बीच भारत में बने उत्पादों की पहुंच बढ़ेगी।
इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। समिट के जरिए जी-20 देशों में भारत की छवि और बेहतर हुई हैं, आतंकवाद के मुद्दे पर दुनिया के देश एकजुट होते हैं तो भारत चीन और पाकिस्तान जैसे देशों को कड़ा संदेश देगा।

# कोहाट: पार्किंग में तब्दील हुआ निगम का पार्क, कुंभकर्णी नींद में विभाग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड (वार्ड-61) स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के सामने बना निगम का पार्क निगम की लापरवाही की भेंट चढ़ गया हैं, जिसके चलते लोगों ने निगम के पार्क पर ही अपना कब्जा जमा लिया हैं।
उल्लेखनीय हैं कि कोहाट वार्ड (वार्ड-61) में स्थानीय लोगों के सैर-सपाटे के लिए लाखों-करोडों रूपए खर्च करके निगम का पार्क बनाया गया था और जिसकी बागबानी तथा पेड़-पौधे लगाने में भी लाखों रूपए खर्च किए गए होंगे।
लेकिन अब वहीं पार्क निगम के उद्यान विभाग के लापरवाही भरे रवैये के चलते अतिक्रमण की भेंट चढ़ गया हैं।





**वाहन पार्किंग में तब्दील हुआ पार्क:** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कोहाट वार्ड में स्थानीय लोगों ने अपनी निजी प्रोपटी समझ कर पार्क का इस्तेमाल कर रहें हैं। इतना ही नहीं पार्क की हालत इतनी खराब हो गई है कि अब किसी भी तरह पार्क नहीं लगता है, क्योंकि पार्क में लोगों ने अपने वाहन खड़े कर रखे हैं, तो किसी ने ऑटो रिक्शा और ठेली, मानो जैसे यह निगम का पार्क ना हो कोई सब्जी मंडी हो। वहीं अगर आस-पास किसी का घर बन रहा हो तो उसका बिल्डिंग मेटेरियल का सारा सामान पार्क में भरा पड़ा हुआ हैं, तो वहीं लोग अपने वाहन खड़ा करके मैन रोड़ से पार्क का दरवाजा ही बंद कर देते हैं।
इसके अतिरिक्त आस-पास के लोग कपडे धोकर पार्क में ही रस्सी बांधकर सुखाते हैं। जिसके चलते और दूसरे लोगों ने पार्क में आना ही बंद कर दिया हैं।
बावजूद इसके वार्ड के पार्षद व संबंधित प्रशासन आंख मूंदे बैठे हुए हैं।

# केशवपुरम जोन पर यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केशवपुरम जोन के बाहर न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन ने कर्मचारियों की कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बैनिवाल ने की। इस मौके पर राजेश बैनिवाल, धर्मगुरू सचिन रावण जी, बीपी गुडियाल, बीएन चौटाला, लोकेश पार्चा, नितिन सारसर, नरेश पार्चा, सुरेश, सोनू लौठ, राकेश बहोत, मकुेश, रवि सूद तमाम साथी मौजूद रहे। इस अवसर पर न्यू भारतीय सफाई कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बैनिवाल ने कहा कि आज केशवपुरम जोन के बाहर निगम कर्मचारियों की कई मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन किया गया और डीसी को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर राजेश बैनिवाल ने कहा कि डीसी साहब कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी समस्या का समाधान करें। ताकि हमारे कर्मचारी भाई परेशान न हो। श्री बैनिवाल ने आगे कहा कि कच्चे कर्मचारियों को जल्द से जल्द पक्का किया जाये। दिल्ली नगर निगम स्वच्छता कर्मचारियों को एमसीडी पैनल हॉस्पीटल की लिस्ट उपलब्ध कराई जाये, निगम कर्मचारियों को समय से सैलरी दी जाये। इस मौके पर कई बुद्धिजीवी लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# 22 सितंबर को होने वाले आंदोलन को लेकर की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**22** सितंबर 2023 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ व सहयोगी संस्थाओं के द्वारा होने वाले आंदोलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल प्रजापति, अजीत प्रजापति, रोहित प्रजापति, भगवान प्रजापति, सतबीर प्रजापति, जय भगवान प्रजापति व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उक्त जानकारी राहुल प्रजापति ने दी।



इस मौके पर राहुल प्रजापति ने बताया कि सरकार अपनी मनमानी चला रही है, गरीब तबके के लोगों की न तो कही सुनवाई होती है और ना ही कोई सुविधा मिलती है। कुम्हार समाज मिट्टी के बर्तन बना कर अपने परिवार का संचालन करता है जिसे काफी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। इसलिए जातिगत जनगणना हो जिसके आधार पर राजनैतिक भागीदारी मिली। श्री प्रजापति ने कहा कि दिल्ली में माटी कला बोर्ड का गठन हों, उच्च शिक्षा प्राप्त हों, भारत वर्ष के विभिन्न वर्गो के संख्यानुपात में कई कारणों से परिवर्तन के कारण जातिवार जनगणना जरूरी है ताकि विभिन्न योजनाओं और कल्याण कार्यक्रमों को प्रभावी और न्योयोचित्त बनाए रखने के लिए कदम उठाए जा सके। अन्य समस्त समस्याओं को अवगत कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ व सहयोगी संस्थाओं के द्वारा समस्त भारत में आंदोलन का प्रचार चल रहा है, जगह-जगह बैठके की जा रही हैं और पूर्ण समर्थन भी मिल रहा है।

# शकूरपुर : उद्यान विभाग की लापरवाही के चलते पार्क से हरियाली गायब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रिनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शकूरपुर वार्ड के आई ब्लॉक का निगम पार्क काफी लंबे समय से निगम के उद्यान विभाग की लापरवाही का दंश झेल रहा है।

**देख-रेख के अभाव में पार्क की हरियाली भी गायब:** देख-रेख के अभाव में और पानी की उचित व्यवस्था न होने के चलते पार्क की हरियाली गायब है और निगम यहां पौधारोपण के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा। निगम की ओर से अभी तक पार्क में कोई माली भी तैनात नहीं किया गया है।



पौधारोपण न होने से यहां की सुंदरता खत्म हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी निगम में कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**सैर के लायक नहीं बचा पार्क:** आज हालात यह हैं कि इन पार्को की घास और पेड़-पौधे सूख चुके हैं। जहां हरियाली होनी चाहिए वहां धूल उड़ती नजर आती है। जो सीटें बैठने के लिए बनाई गईं थी वे भी बेहद जर्जर हो चुकी हैं। अब यह पार्क सैर के लायक नहीं बचे हैं।



**सुकून गायब, नशेड़ियों का जमावड़ा:** रख-रखाव के अभाव में पार्क अपना स्वरूप खो चुके हैं। अब यह केवल नाम के पार्क ही रह गए है। यहां कोई सैर करने तो जाता नहीं, दिन भर नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है।

**स्थानीय निवासियों ने की मांग:** शकूरपुर के निवासियों ने दिल्ली की मेयर से मांग की है कि पार्क की दशा में सुधार किया जाये, जिससे की यह पार्क सैर करने के लायक बन सके और हरा-भरा नजर आये।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 'आयुष्मान भव:' अभियान का किया आगाज

आयुष्मान भव: योजना

**▶▶आयुष्मान आपके द्वार का जिला फरीदाबाद में सौ फीसदी करना है अचीवमेंट : विधायक सीमा त्रिखा**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज बुधवार को आयुष्मान भवः योजना का आगाज किया। स्थानीय नागरिक अस्पताल बीके में विधायक सीमा त्रिखा और विधायक नरेन्द्र गुप्ता जिला स्तरीय लाइव प्रसारण से जुड़े। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आयुष्मान आपके द्वार का जिला फरीदाबाद में सौ फीसदी अचीवमेंट करना है। उन्होंने कहा कि जिला में आयुष्मान आपके द्वार अभियान के तहत आगामी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं जिला में आयोजित किए जाने वाले आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रमों को लेकर आज अपने कार्यालय में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी भागीदार बनाया जाएगा।

एमएलए नरेन्द्र गुप्ता ने आयुष्मान आपके द्वार अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तर पर अधिकारियों को आपसी तालमेल करके विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाई जाएगी, जबकि आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक आयुष्मान मेले आयोजित किए जाएंगे। साथ ही ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों में आयुष्मान सभा का आयोजन कर गैर संचारी रोगों की जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके तहत सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान अर्बन समेत तमाम कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार का आयोजन होगा जिसके तहत आयुष्मान मेला संचालित किया जाएगा।

-:इनकी ली जाएगी विशेष मददः-

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान पात्र कार्ड बनाए व वितरित किए जाएंगे। जिसके लिए पंचायती राज जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी वर्करों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की मदद भी ली जाएगी। आयुष्मान मेला, साप्ताहिक हेल्थ एवं वेलनेस मेला, साप्ताहिक सीएचसी मेला, आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। दो अक्टूबर से आयुष्मान सभा होगी। आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अंगदान को लेकर करेंगे जागरूक किया जाएगा। उन्होने कहा कि सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अपने परिसर मं स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगे। ह्यस्वच्छता अभियानह्न अस्पतालों और डिस्पेंसरी सहित जिला के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में भी चलाया जाएगा। इसके अलावा जिन गांवों में आयुष्मान भारत के लाभार्थी हैं, जो टीबी और कुष्ठ रोग से मुक्त हैं और जिनमे कोरोना टीकाकरण का रिकॉर्ड 100 प्रतिशत है, उन गांवों को ह्यआयुष्मान ग्रामह्न घोषित किया जाएगा। लाइव प्रसारण में भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सीएमओ डॉ विनय गुप्ता, एसएमओ डाक्टर राम भगत, एआईपीआरओ संजय कुमार, डॉ राजेश, डॉ रचना, डॉ मनीषा, डॉ विजय मलिक, डॉ राखी बत्रा सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक और स्वास्थ्य विभाग के

## रोहतक: दुकानदार पर फायरिंग कर नकदी व मोबाइल फोन लूटे

**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**
शीला बाईपास से दिल्ली रोड पर स्थित मनी ट्रांसफर करने वाले दुकानदार पर फायरिंग कर मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश नकदी व मोबाइल फोन लूट ले गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया।
पुलिस के अनुसार गांधी कैम्प निवासी प्रमोद ने बताया कि शीला बाईपास से दिल्ली रोड पर उसकी मनी ट्रांसफर्र व मोबाइल की दुकान है। सोमवार सुबह दस बजे जब वह दुकान पर बैठा था, तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवक आए और पैसे ट्रांसफर्र करने की बात कही। इसी दौरान एक युवक ने पिस्तौल निकाल ली और दुकान पर रखे बैग में से 27 हजार रुपए व दो मोबाइल फोन लूट लिए। जब प्रमोद ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने गोली चला दी। गोली प्रमोद के हाथ में लगी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और बदमाश वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर अर्बन एस्टेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। पुलिस ने इस संबंध में प्रमोद की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शहर में व्यापारियों के साथ बढ़ती लूट की वारदातों से व्यापारियों में काफी रोष है।

## संक्षिप्त खबरें

### झज्जर: डॉ. अरविंद शर्मा ने किया जिला स्तर पर आयुष्मान भव: अभियान का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि देश और प्रदेश के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक निर्बाध रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान भवः अभियान कारगर साबित होगा। इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचेंगी और लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उनकी बीमारियों का इलाज करवाना सुनिश्चित करेंगी। इतना ही नहीं आयुष्मान योजना से वंचित लोगों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य भी पूरा किया जाएगा।
सांसद बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में राष्ट्रव्यापी आयुष्मान भवः अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थिति को संबोधित कर रहे थे।
सांसद ने रिबन काटकर जिला स्तरीय कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पहले देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑनलाइन प्रणाली से आयुष्मान भवः के राष्ट्रव्यापी अभियान का विधिवत रूप से शुभारंभ किया, जिसका प्रसारण जिला मुख्यालय के अलावा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दिखाया गया। इस बीच डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला प्रशासन की तरफ से सांसद डॉ अरविंद शर्मा का बुक्के भेंट कर स्वागत किया।
सांसद शर्मा ने कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी आयुष्मान कार्ड से अछूता नहीं रहे, इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएं। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े से जुड़कर नया कीर्तिमान बनाएं और मानवता की भलाई के लिए सेवा भाव से कार्य करें।
सांसद शर्मा और डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने रक्तदान शिविर का अवलोकन करते हुए रक्तदाताओं को बैज लगाकर उत्साह वर्धन किया। साथ ही प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए सराहनीय कार्य करने पर 25 निक्षा मित्रों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। डीसी ने बताया कि जिला में वर्तमान में तीन लाख 58 हजार 634 लाभार्थी हैं, जिनमें 2 लाख 63 हजार 562 आयुषमान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिनमें से 32 हजार से ज्यादा लाभार्थियों ने योजना का लाभ उठाया है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों का आह्वान किया कि जिन्होंने अपना आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बनवाया है, ऐसे पात्र व्यक्ति अपना आयुष्मान चिरायु कार्ड अवश्य बनवा लें।

### पलवल: विवाहिता से मारपीट कर रेप का प्रयास, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ पलवल**
विवाहिता से रेप का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी उसे घर में घसीटकर ले गए। जहां मारपीट कर आरोपियों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए। लोगों को आता देख आरोपियों ने महिला को छोड़ दिया। शिकायत पर मुंडकटी थाना पुलिस ने 3 भाइयों सहित उनकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने घर से किसी काम के लिए जा रही थी, लेकिन जब गली में पहुंची तो कुलदीप नामक युवक ने गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी के भाई प्रदीप व विष्णु और उनकी मां धरवत्ती मौके पर आ गए। पीड़िता को गालियां देते हुए अपने घर में घसीटते हुए ले गए।
घर के अंदर ले जाकर रेप का प्रयास किया और उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता अपने आपको बचाते हुए भागने लगी तो उसे पकड़कर पीटा। शोर मचाना चाह तो उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसका मंगल-सूत्र, कानों की बाली व अंगूठी उनके घर में गिर गई। इसी दौरान शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए, तो आरोपियों ने उसे छोड़ दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सोनीपत: देश के कर्णधार हैं शिक्षक: खत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
खरखौदा में बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मटिण्डू में शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हिंदी प्राध्यापक सुदामा प्रसाद का स्वागत समारोह किया गया। बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री ने कहा कि यह सम्मान सभी को भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। शिक्षक देश के कर्णधार हैं और समाज को सही दिशा दिखाते हैं।

## लवल: पुलिस के हत्थे चढ़ा क्रिकेट बुकी

**टीम एक्शन इंडिया/ पलवल**
पलवल शहर थाना अंतर्गत एकता नगर कॉलोनी स्थित एक मकान में क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाते हुए एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चार मोबाइल, एलिड़ी, चार्जर, लैपटॉप व 74 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि हथीन गेट चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह को सूचना मिली थी कि एकता नगर कॉलोनी स्थित पप्पी ठाकुर के मकान में श्याम नगर कॉलोनी निवासी शशांक बंसल लैपटॉप व मोबाइल के माध्यम से बुकी पर पैसा लगाकर सट्टा खिला रहा है।

## अब 200 रुपये का जी.एस.टी. बिल दिलाएगा एक करोड़ रु का ईनाम: दीपिका

मेरा बिल-मेरा अधिकार

**▶▶सरकार ने जी.एस.टी. बिलों में बढ़ौत्तरी के लिए मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना शुरू की**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
जी.एस.टी. संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त, फरीदाबाद (रेन्ज) दीपिका चौधरी ने बताया कि केन्द्र सरकार ने जी.एस.टी. बिलों में बढ़ौत्तरी के लिए मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना शुरू की है। हरियाणा प्रदेश में डिप्टी सीएम दुष्यंत चैटाला द्वारा जिला गुरूग्राम से करदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत जी.एस.टी. बिल अपलोड करने वाले नागरिकों को 1 करोड़ रुपये का आकर्षक इनाम दिया जायेगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कम से कम 200 रुपये का जी.एस.टी. बिल अपलोड करना होगा। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना के तहत लोगों को 1 करोड़ इनाम के साथ कई और इनाम भी मिलेंगे। इस योजना में हर महीने सरकार ८०० लोगों को चुना जायेगा। ये ८०० लोग वे होंगे जो हर महीने अपना जी.एस.टी. बिल अपलोड करेंगे। इन ८०० लोगों को 10 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। 1 करोड़ का इनाम 2 लोगों को मिलेगा। इस योजना का लाभ केवल उन ही व्यापारियों को मिलेगा जो तिमाही आधार पर जी.एस.टी. बिल अपलोड करेंगे। इसके लिए व्यापारियों को मेरा बिल-मेरा अधिकार के एप पर अपना जी.एस.टी. बिल अपलोड करना होगा। इसके अलावा वे वेब.मेराबिल.जीएसटी.जीओवी.इन (ॅ्रीी.ेी्रु''ॅ.२३.ॅङ्क५.ल्ल) पर भी जाकर जी.एस.टी. बिल अपलोड कर सकते हैं।महीने में 25 बिल ही कर सकते हैं अपलोड
इस योजना का लाभ पाने के लिए मेरा बिल-मेरा अधिकार के ऐप को डाउनलोड करना होगा या वेब.मेराबिल.जीएसटी.जीओवी.इन (ॅ्रीी.ेी्रु''ॅ.२३.ॅङ्क५.ल्ल) पर जा सकते हैं। इस योजना में एक यूजर महीने में केवल 25 ही जी.एस.टी. बिल अपलोड कर सकते हैं। इस योजना का लाभ पाने के लिए जी.एस.टी.आई.एन. इनवॉइस नंबर, बिल का एमाउंट, टैक्स एमाउंट और दिनांक आदि की जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके अलावा जो भी व्यक्ति इस योजना का लाभ पाता है उसे अपना पैन नंबर, आधार नंबर, बैंक अकाउंट की जानकारी मेरा बिल-मेरा अधिकार के ऐप पर अपलोड करनी होगी।

## डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डी.ए.वी. शताब्दी कॉलेज के विज्ञान विभाग ने निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें 21 बी.एससी छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी थी। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. राज कुमारी एवं सुश्री श्वेता थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दूरसंचार में प्रौद्योगिकी की पहुंच से लेकर जलवायु परिवर्तन पर गहरे मानवीय प्रभाव तक प्रमुख समसामयिक मुद्दों पर बौद्धिक बहस छेड़ना था। छात्रों ने विचारोत्तेजक विषयों जैसे दूरसंचार पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव,आधुनिक प्रौद्योगिकी में रोबोट की भूमिका, आर्थिक विकास के लिए बौद्धिक अधिकारों की आवश्यकता, वर्तमान परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका, जलवायु परिवर्तन पर मानव प्रभाव पर गहराई से विचार किया । कड़ी प्रतिस्पर्धा और अनुकरणीय निबंधों के बीच, विजेताओं की घोषणा की गई । प्रथम स्थान श्रुति ,बीएससी, तृतीय वर्ष ; दूसरा स्थान शुहानी, द्वितीय वर्ष व तृतीय स्थान भविष्य, प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

## सिरसा: शामलात भूमि की पट्टा राशि नहीं करवाई जमा, ग्राम सचिव सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया/ सिरसा**
गांव की शामलात भूमि की पट्टा राशि जमा न करवाने पर उपायुक्त ने ग्राम सचिव को सस्पेंड करने के आदेश पारित किए हैं।
उपायुक्त को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिरसा की ओर से अवगत करवाया गया कि ग्राम सचिव भूप सिंह ने ग्राम पंचायत शाहपुर की शामलात भूमि की वर्ष 2022-23 की बकाया पट्टा राशि जमा नहीं करवाई है। संबंधित ग्राम सचिव को राशि जमा करवाने के बारे में लिखा गया, लेकिन उसने अभी तक राशि जमा नहीं करवाई है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने ग्राम सचिव भूप सिंह को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश पारित कर दिए हैं।

## एमसीएफ की डीलिमिटेशन/ वार्डबंदी का फाइनल ड्राफ्ट बना कर भेजा हरियाणा निर्वाचन आयोग के मुख्यालय : डीसी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार नगर निगम चुनाव के लिए एमसीएफ वार्डबंदी का फाइनल ड्राफ्ट बना कर हरियाणा निर्वाचन आयोग के मुख्यालय भेजा दिया गया है। डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि एमसीएफ के 46 वार्डों के लिए वार्डबंदी के फाइनल ड्राफ्ट में कमेटी द्वारा सभी नार्म तैयार करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद एमसीएफ की 13 लाख 1240 वोटर शहर की छोटी सरकार चुनेंगे। जिला उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन पहले ही कर दिया था। एमसीएफ की मतदाता सूची का विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मौजूदगी में फाइनल प्रकाशन किया गया था। इस बार नगर निगम चुनाव में 13 लाख 1240 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर शहर की छोटी सरकार चुनेंगे। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर विगत मई माह में एमसीएफ की इलेक्ट्रोल का फाइनल प्रकाशन किया गया था। दावे और आपत्तियों का निपटारा मई में पूरा कर लिया गया था। उन्होंने आगे बताया कि एमसीएफ के 46 वार्डों के लिए अलग- अलग एचसीएस रैंक के अधिकारियों को पुनरीक्षण के तौर पर नियुक्त किया गया था। चुनाव के लिए वार्ड बंदी में मतदाताओं के वोटों के बूथों की वोटर लिस्ट तैयार की गई थी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एससीएफ की मतदाता सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है। कोई भी शहरवासी वेबसाइट पर जाकर अपना नाम देख सकता है। डीलिमिटेशन की फाइनल वार्डबंदी की बैठक में एडीसी आनन्द शर्मा, निवर्तमान मेयर सुमन बाला, एमसीएफ की संयुक्त आयुक्त शिखा, एमसीएफ के सेक्रेटरी शर्मा सहित कमेटी के अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

## अस्पताल से नवजात चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

बच्चा बरामद

**▶▶महिला की एक और साथी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला से बच्चा बरामद कर लिया गया है।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बादशाह खान नागरिक अस्पताल से बच्चा चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महिला की एक और साथी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। महिला से बच्चा बरामद कर लिया गया है। मंगलवार सुबह बादशाह खान नागरिक अस्पताल से अनीता नामक महिला के नवजात शिशु को एक अज्ञात महिला चोरी कर-के ले गई थी। औद्योगिक जिला फरीदाबाद के सबसे बड़े जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड से मंगलवार को चोरी हुए नवजात शिशु को पुलिस ने ढूंढ लिया है। पुलिस ने दिल्ली के सुल्तानपुर इलाके से बच्चा और उस महिला को भी पकड़ लिया है जो बच्चा चोरी करके ले गई थी।पुलिस उपायुक्त नरेंद्र कादयान और एसीपी क्राइम अमन यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने मंगलवार देर रात बच्चे को सकुशल बरामद किया। जिस महिला का बच्चा चोरी हुआ था वो सराय ख्वाजा की अनीता है। बच्चा वापस मिलने से महिला अनीता और उसके पति सुनील व सास रामदेई के चेहरे पर खुशी लौट आई है।

## कालेजों और शैक्षणिक संस्थानों में निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पालना सुनिश्चित करें : एडीसी आनन्द शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की विशेष हिदायतों के अनुसार सभी ईआरओएस/ एफ्ढर के लिए अपने 2 निर्वाचन क्षेत्र के सिफ्ट डैड/ ग्रॉं३ ॐ को नियमानुसार नोटिस/ ठङ्ग्ङ्ग्री जारी करने उपरान्त मतदाता सूची से हटाना सुनिश्चित करें। वहीं सभी एफ्ढर अपने 2 स्तर पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले कॉलेज के प्रधानाचार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पात्र युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए विशेष कैम्प लगवाए। जितने भी फॉर्म किस कारण से पैडिंग है उनका निपटारा नियमानुसार करना सुनिश्चित करें। एडीसी आनन्द शर्मा लघु सचिवालय में मतदाता सूची बनाने और उनकी त्रुटियां दूर करने तथा निर्वाचन आयोग की विशेष हिदायतों के क्रियान्वयन के लिए बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सभी बीएलओ/ इछडर के विभागाध्यक्ष की बैठक तुरंत प्रभाव से आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। थर्ड जेंडर के लिए उनके बाहुल्य क्षेत्रों के कैम्प का आयोजन करे। प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी के लिए सभी अपने-2 संस्थान में पढ़ने वाले पात्र छात्र/छात्राओं का शत प्रतिशत मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थानों के नोटिस बोर्ड पर नोडल अधिकारी का नाम पद मोबाइल न० आदि चरपा



करवाए। ताकि किसी छात्र/छात्रा को पंजीकरण में कोई समस्या हो तो वे उस अधिकारी से सम्पर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सके। एडीसी ने कहा कि सभी कैम्पस एम्बेसडर नियुक्त कर फोटो सहित पूर्ण सूचना जैसे रोल न०. कक्षा नाम पता निर्वाचन कार्यालय में भिजवाए। कोई भी योग्य /पात्र व्यक्ति आयोग की वेबसाइट ँ३३स्त्र२://५ङ्क३-ी१२ृ्ी.ङ्क५.ल्ल पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। इस बारे अपने संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं को सूचित करवाए। ईएलसी के तहत न्यू वोटर क्लब का गठन कर उसकी सूचना 15-09-2023 तक निर्वाचन कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।
बैठक में निर्वाचन आयोग की ये हिदायत दीःएडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सभी संस्थान छात्र/छात्राओं को पुनरीक्षण कार्यक्रम 17-10-2023 से शुरू होकर 30-11-2023 तक चलाया जाएगा। इस बारे अवगत कराए। ताकि वंचित पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।
- राजनैतिक दलों के लिए
एडीसी ने कहा कि गत 07-07-2023 को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी के साथ बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमे जानकारी दी गई थी कि यदि कोई भी राजनीतिक दल मतदान केन्द्र से सम्बन्धित किसी बदलाव की आवश्यकता है, तो जैसे भवन क्षतिग्रस्त हो गया हो कोई नया सैक्सन कालोनी आदि बनी का आवेदन अपने-2 ईआरओएस/ एफ्ढर या निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत करें। परन्तु किसी भी दल द्वारा कोई सुझाव प्रस्तुत नहीं किया गया।
निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 1500 से अधिक मतदाता के कुल 42 मतदान केन्द्र है। जिसमें से केवल 5 नए मतदान केन्द्र बनाए जा रहे है। शेष 37 मतदान केन्द्रों को समायोजित किए गए है।
- ये मतदाता केन्द्र नए बनाए जा रहे हैं:-भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद के 85-पृथला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्द्र न0 52. अनुसूचित जाति चौपाल को टूटने के कारण नए भवन उप तहसील दयालपुर (अनुसूचित जाति) के अन्दर बने बारात घर में स्थानांतरित किया जाना है। राजनीतिक दलों के के नेता गण अपने कार्यकताओं के माध्यम से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 17-10-2023 से 30-11-2023 तक विशेष प्रचार-प्रसार करवाएँ। अपने स्तर पर युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए जागरूक करें। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लबगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल कम नगराधीश अमित मान सहित अन्य अधिकारी, राजनीतिक दलों के और कॉलेजों तथा शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भूमि पूजन के साथ नरेला में रामलीला महोत्सव की तैयारी शुरू

## 14 अक्टूबर से शुरू होगा रामलीला का भव्य महा उत्सव, भूमि पूजन कर आयोजन समिति ने ध्वज पताका फहराई















**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**नरेला** में सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के तत्वाधान में रामलीला ग्राउंड, मनसा देवी रोड पर 14 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे 77वें रामलीला महोत्सव के लिए भूमि पूजन हो गया है। इसी के साथ रामलीला के मंचन से जुड़ी तैयारियों की भी शुरूआत हो गई है। बुधवार को वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ भूमि पूजन कर आयोजन समिति ने ध्वज पताका फहराई। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब द्वारा इस वर्ष भी नरेला में भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जितने वर्ष की आजादी, उतने ही वर्ष की रामलीला के साथ क्लब अपने स्वर्णिम इतिहास को समेटे एक और नई पारी खेलने को तैयार है। इस दौरान कलाकारों ने रावण सीता संवाद, रावण हनुमान संवाद आदि की सुंदर प्रस्तुति देकर सबको भाव विभोर कर दिया।

सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने बताया कि बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी व पुरानी रामलीला सुभाष रामलीला 1947 से हो रही है। इस बार भी भव्य रामलीला महोत्सव 14 से 26 अक्टूबर तक चलेगा। इस बार की रामलीला में नरेला वासियो को एक अलग ही आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने तथा भक्तिमयी रसधारा में सराबोर करने के लिए लाइट एंड साउंड की नवीनतम व आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। मंच सजा भी अभूतपूर्व होगी, वही पिछली बार की रामलीला में रिकॉर्ड संख्या में दर्शक रामलीला देखने पहुंचे थे। इसलिए इस बार दर्शकों के बैठने के लिए व्यापक प्रबंध



**विशेषता...**

**बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी व पुरानी रामलीला सुभाष रामलीला 1947 से हो रही है : विष्णु भारद्वाज**

किए जाएंगे। वहीं, उप प्रधान मोहित गुप्ता ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही लीला मंचन की तैयारियाँ शुरू हो गई। इस मौके पर प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा ने कहा कि सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब की पूरी टीम बधाई की पात्र है जो पिछले 76 वर्षों से युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम की लीलाओं और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है। कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसाद का वितरण भी किया गया।

भूमि पूजन में नरेला के पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, वार्ड 2 बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, वार्ड 1 नरेला से निगम पार्षद पति कमल खत्री, प्रसिद्ध समाज सेवी प्रवीन लाकड़ा, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य, पूर्व निगम पार्षद सविता नरेश खत्री, वार्ड 2 से पूर्व प्रत्यासी आनंद खत्री,जग उत्थान जग कल्याण से प्रधान रणबीर सिंह, शशि बाला, कृष्ण घी वाला, फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी अध्यक्ष जोगिन्द्र दहिया,अजीत खत्री, महामंत्री योगेश शर्मा, आर के स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, सुनील खेड़ी, जनहित फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंदर कौशिक, नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल, अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट प्रधान कृष्ण बंसल, प्रचार मंत्री राहुल सिंगल, विकास बंसल, प्रदीप ठोलेदार, खेमो देवी पब्लिक स्कूल चेयरमेन सूरजमल खत्री,मांगेराम अत्रि,जगमाल, कपिल भारद्वाज, रुपेश भारद्वाज,अजय, सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब से प्रधान विष्णु भारद्वाज, संरक्षक मोहन पुरी, संरक्षक लोकेश गर्ग,महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला, उप प्रधान मोहित गुप्ता, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, लेखाकार अनिल कुमार गर्ग,संगठन सचिव मुकेश बंसल, मंच संचालक सुरेश गुप्ता, ऑडिटर डा. सचिन कौशिक,सुभम रोहिल्ला, जयपाल रोहिल्ला, संजू प्रजापति, निपुण गुप्ता, जीतेन्द्र पालीवाल, अतुल गुप्ता, मोहित गौतम, नितिन कपूर, दीपक खत्री, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, ओमदत्त शर्मा, नितेश, जोगिन्द्र भौरिया, जयदीप खत्री, चरण सिंह, संदीप धनकड़,सुशील खत्री, यश स्वामी राकेश खत्री सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।







# 'परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण खत्म करना चाहती है मोदी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/शहडोल**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही विंध्य क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान बुधवार को कोतमा में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए झारखंड के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्ति चाहते हैं । इसके लिए मोदी सरकार कड़े और ठोस कदम



उठा रही है। इससे घबराकर ही भ्रष्टाचार में आंकठ डूबे विपक्षी नेता और दल लामबंद हो रहे हैं। पत्रकारवार्ता को यात्रा के प्रभारी एवं सांसद श्री गणेशसिंह ने भी संबोधित किया। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भूख और भ्रष्टाचार के सिवा देश और प्रदेश की जनता को कुछ नहीं दिया।

# 'बिहार में भाजपा की सरकार बनते ही बदमाशों का करेंगे पिंडदान'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना/गया**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बुधवार को गया में एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार में हमारी सरकार बनने पर बदमाशों का सुपड़ा साफ हो जाएगा। सरकार बनते ही गया में बदमाशों का पिंडदान करेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार में बदमाश या तो बिहार छोड़कर चले जाएंगे या उन्हें परलोक में स्थान दिलाने के लिए गया में पिंडदान, तर्पण और कर्मकांड किया जाएगा। अपराध और अपराधी से मुक्त बिहार बनाएंगे। इसके लिए 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार विधानसभा चुनाव में जीत की नींव डालेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं लवकुश समाज से आता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 1994 से इस समाज को ठग रहे हैं। 2025 में घमंडी गठबंधन आईएनडीआईए का विधानसभा चुनाव में बिहार से सफाया कर देंगे। नीतीश कुमार पलटी मार-मार के गद्दी पर बैठना सीख गए हैं।

**बीमार पड़े**

## सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर हंगामा किया

# सीतामढ़ी में मिड-डे-मील खाने के बाद 75 बच्चे बीमार

**हालत स्थिर**

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** में सीतामढ़ी जिले के डुमरा ब्लॉक के एक प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील खाने के बाद लगभग 75 स्कूली बच्चों ने कथित तौर पर पेट दर्द और उल्टी की शिकायत की। इनमें से 50 बच्चों को स्थानीय पीएचसी और 25 को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर का कहना है कि सभी बच्चों की हालत स्थिर है। जानकारी के मुताबिक डुमरा प्रखंड के मध्य विद्यालय में मिड डे मील खाने के बाद 75 बच्चों की



तबीयत खराब हो गई। इसके बाद टेंपो व एंबुलेंस पर लादकर बच्चों को डुमरा पीएचसी व सदर अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर हंगामा किया। आक्रोश देखकर विद्यालय के शिक्षक, रसोइया भाग खड़े हुए। डुमरा थाने की पुलिस व विभागीय पदाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सभी को शांत कराया। इस मामले में डीपीओ एमडीएम आयुष कुमार ने बताया कि डेढ़ बजे के आसपास बच्चों को भोजन कराया जा रहा था।

**इनमें से 50 बच्चों को स्थानीय पीएचसी और 25 को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया**

इसके बाद अफवाह फैली कि भोजन में छिपकली मिली है या जिस पेड़ के नीचे भोजन कराया जा रहा था उस पर से कोई चीज गिरी है। इसके बाद बच्चे बीमार पड़ने लगे। सूचना मिलने पर करीब तीन बजे वह छानबीन के लिए पहुंचे। कक्षावार बच्चों को भोजन कराया जाता है।

# 'भाजपा अभिषेक फोबिया से ग्रसित'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर में चल रही पूछताछ को लेकर तृणमूल हमलावर है। पार्टी ने ट्वीट कर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी अभिषेक फोबिया से ग्रसित है और डरती है। बुधवार दोपहर के समय जब अभिषेक ईडी दफ्तर पहुंचे तो उनके हाथ में कई सारे दस्तावेज थे। इसके बाद तृणमूल की ओर से एक ट्वीट किया गया जिसमें लिखा गया था कि ईडी से नहीं डरते हैं। दरअसल अभिषेक बनर्जी से हो रही पूछताछ को लेकर आई एन डी आई गठबंधन में शामिल उद्धव गुट के संजय राउत ने भी सवाल खड़ा किया है।

